दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



बॉक्स ऑफिस पर फिल्म 'मिर्जापुर द मूवी' का भौकाल


टोरंटो में चला श्रेया की आवाज का जादू

वर्ष : 12 | अंक : 260 | लखनऊ, 16 सितम्बर, बुधवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### विजयवाड़ा बस स्टैंड पर बैग में विस्फोटक जब्त



**विजयवाड़ा।** विजयवाड़ा के पंडित नेहरू बस स्टैंड पर एक संदिग्ध बैग मिलने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। कृष्णा लंका पुलिस मौके पर पहुंची और तलाशी अभियान शुरू किया। इसके बाद इलाके को सील किया गया। बैग की तलाशी के दौरान पुलिस को जिलेटिन स्टिक और डेटोनेटर समेत विस्फोटक सामग्री मिली।

### हिमांशु भाऊ गैंग ने की थी जिम ट्रेनर की हत्या



**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के आया नगर में सोमवार सुबह दिनदहाड़े जिम ट्रेनर विजय कुमार की हत्या को लेकर सोशल मीडिया पर हिमांशु भाऊ के नाम से एक पोस्ट में हत्या की जिम्मेदारी लेने का दावा किया गया है। फतेहपुर बेरी थाना क्षेत्र में हंसा चौक के पास स्थित 'द परफेक्ट जिम' से बाहर बुलाकर बाइक सवार दो हमलावरों ने गोली चलाई थी।

### 10 हजार छात्र-छात्राओं के लिए बनेंगे हॉस्टल



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने 10 हजार छात्रों के लिए हॉस्टल बनाने का फैसला किया है। इन हॉस्टल में दिल्ली की किसी भी यूनिवर्सिटी के छात्र रह सकेंगे। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि जब हम दिल्ली को और बड़े शिक्षा केंद्र के रूप में देखना चाहते हैं, तो यहां पर छात्रावास की जरूरत को भी पूरा करना जरूरी है।

### पालघर हिंसाः 16 सितबंर तक हिरासत में आरोपी



**पालघर।** पालघर अस्पताल हिंसा मामले में गिरफ्तार 22 लोगों को स्थानीय अदालत ने 16 सितंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। रविवार देर रात मजिस्ट्रेट योगेश एच. गजभिये के आदेश पर पुलिस कस्टडी में भेजे गए लोगों में विधायक राजेंद्र गावित के बेटे रोहित गावित और शिवसेना के पूर्व जिला प्रमुख कुंदन सांखे शामिल हैं।

## लंबे समय से अटके पड़े 'किशाऊ मल्टीपर्पस डैम प्रोजेक्ट' को मंत्री शाह ने सुलझाया

# 15 हजार करोड़ की परियोजना से 6 राज्यों में सिंचाई, बिजली, पेयजल की मिलेगी सुविधा

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ नई दिल्ली,

राज्यों के बीच बनी सहमति के तहत, प्रोजेक्ट के जल घटक की लागत का 90% हिस्सा केंद्र सरकार केंद्रीय सहायता के तौर पर उठाएगी। बाकी 10% लागत छह राज्यों द्वारा आपस में बांटी जाएगी

लंबे समय से अटके पड़े 'किशाऊ मल्टीपर्पस डैम प्रोजेक्ट' को मंगलवार को बड़ी गति मिली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ हुई बैठक में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा के मुख्यमंत्रियों ने इस परियोजना पर सहमति जताई। यह समझौता शाह की अध्यक्षता में 16 जून को हुई ऐसी ही एक बैठक के लगभग 3 महीने बाद हुआ है, जिसमें 6 राज्यों ने परियोजना को लागू करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर आगे बढ़ने पर सहमति जताई थी। इस बैठक में ज्यादातर मुख्यमंत्री खुद शामिल हुए।

साथ ही इसमें शामिल राज्यों के मुख्य सचिव और अन्य अधिकारी, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन समेत गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। उम्मीद है कि जल्द ही इस परियोजना को मंजूरी के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल के सामने पेश किया जाएगा।

**परियोजना को मंजूरी के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल के सामने पेश किया जाएगा**


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में 6 राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए

### हिमाचल आवंटित पानी दो राज्यों को देगा

राज्य हिमाचल प्रदेश के पानी के हिस्से से जुड़े मुद्दे को सुलझाने के तरीके पर भी सहमत हुए हैं। हिमाचल प्रदेश के आवंटित पानी का हिस्सा दिल्ली और राजस्थान को दिया जाएगा, जबकि ये दोनों राज्य प्रोजेक्ट के बिजली उत्पादन वाले हिस्से में हिमाचल प्रदेश के हिस्से की लागत को आपस में बांटेंगे। उम्मीद है कि इस व्यवस्था से शामिल राज्यों के बीच एक मुख्य लंबित मुद्दे को सुलझाने और प्रोजेक्ट को लागू करने का रास्ता साफ करने में मदद मिलेगी।

### कई राज्यों को मिलेगा अतिरिक्त पानी

इस प्रोजेक्ट से कई राज्यों और दिल्ली को अतिरिक्त पानी मिलने की उम्मीद है। लगभग 15,000 करोड़ रुपए के इस प्रोजेक्ट से इन राज्यों को पानी मिलने की उम्मीद है। हरियाणा को 836 क्यूसेक पानी, यूपी को 543.2 क्यूसेक, राजस्थान को 163.52 क्यूसेक और दिल्ली को 105.28 क्यूसेक पानी मिलेगा। पानी की ज्यादा उपलब्धता और बहाव से उन इलाकों में सिंचाई और पीने के पानी की जरूरतों को पूरा करने में भी मदद मिलने की उम्मीद है।

### उत्तराखंड में टोंस नदी पर बनेगा डैम

*किशाऊ मल्टीपर्पस डैम प्रोजेक्ट उत्तराखंड में टोंस नदी पर प्रस्तावित एक मल्टीपर्पस (बहु-उद्देशीय) जल भंडारण और जल-विद्युत प्रोजेक्ट है। टोंस नदी, यमुना नदी की एक प्रमुख सहायक नदी है। इस प्रोजेक्ट का मकसद किशाऊ जलाशय में कई उद्देश्यों के लिए पानी जमा करना है, जिनमें सिंचाई, जल-विद्युत उत्पादन और पीने के पानी की आपूर्ति बढ़ाना शामिल है। इससे यमुना में साफ़ पानी का बहाव बढ़ने और नदी को पुनर्जीवित करने के प्रयासों में मदद मिलने की भी उम्मीद है। यह प्रोजेक्ट कई सालों से विचाराधीन है। इसमें छह राज्य- हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली शामिल हैं, क्योंकि इसका पानी के बंटवारे, बिजली उत्पादन और वित्तपोषण पर असर पड़ता है।*

### 6 राज्यों के बीच बनी सहमति

6 राज्यों के बीच सहमति बनने के बाद, अब इस प्रोजेक्ट के मंजूरी के अगले चरण की ओर बढ़ने की उम्मीद है। किशाऊ मल्टीपर्पज डैम प्रोजेक्ट को मंजूरी के लिए केंद्रीय कैबिनेट के सामने रखा जाएगा, जिसके बाद इसे लागू करने की प्रक्रिया आगे बढ़ सकती है। यह नया समझौता इस प्रोजेक्ट से जुड़े लंबे समय से चले आ रहे अंतर-राज्यीय मुद्दों को सुलझाने और ऐसे प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम है, जिसका पानी की सुरक्षा, पनबिजली, सिंचाई और यमुना को फिर से जीवित करने पर असर पड़ेगा।

### यमुना नदी में बढ़ेगा पानी का बहाव

इस प्रोजेक्ट का एक मुख्य मकसद किशाऊ रिजर्वॉयर से पानी को कंट्रोल करके जमा करने और छोड़ने के जरिए यमुना में पानी का बहाव बढ़ाना है। केंद्र और इसमें शामिल राज्यों ने इस प्रोजेक्ट को यमुना को फिर से जीवित करने के बड़े मकसद से जोड़ा है। पानी के अतिरिक्त बहाव से नदी में साफ पानी की उपलब्धता बेहतर होने की उम्मीद है, साथ ही रिजर्वॉयर से सिंचाई, पीने के पानी और बिजली उत्पादन की जरूरतें भी पूरी होंगी।

## बिना जांच विदेश जाने का मामला

# उड्डयन मंत्रालय ने एयर इंडिया को थमाया शो-कॉज 'नोटिस'



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

दिल्ली एयरपोर्ट पर इंटरनेशनल पैसेंजर्स की आवाजाही से जुड़ी एक गंभीर चूक सामने आई है, जिसने सुरक्षा और इमिग्रेशन व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामला तीन विदेशी यात्रियों से जुड़ा है, जो दिल्ली पहुंचने के बाद तय प्रक्रिया पूरी किए बिना ही अपनी अगली इंटरनेशनल फ्लाइट तक पहुंच गए। अब इस मामले में मिनिस्ट्री ऑफ सिविल एविएशन ने एअर इंडिया से जवाब तलब किया है।

एयरलाइन को बताना होगा कि आखिर यह चूक कैसे हुई और इसके लिए जिम्मेदार कौन है। यह मामला 4 सितंबर का है। तीन इटैलियन पैसेंजर एअर इंडिया की फ्लाइट से अमृतसर से दिल्ली पहुंचे थे। इसके बाद उन्हें लुफ्थांसा की दिल्ली से म्यूनिख जाने वाली फ्लाइट पकड़नी थी। नियम के मुताबिक दिल्ली पहुंचने के बाद इन यात्रियों को अराइवल इमिग्रेशन एरिया में जाकर निर्धारित इमिग्रेशन प्रक्रिया पूरी करनी थी।

### 9 बिंदुओं पर मांगा जवाब

मामले को गंभीरता से लेते हुए सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने एअर इंडिया के सीईओ तेवोल्डे गेब्रेमारियम को शो कॉज नोटिस जारी किया है। एयरलाइन से 9 बिंदुओं पर लिखित जवाब मांगा गया है। मिनिस्ट्री ने एअर इंडिया को जवाब देने के लिए 7 दिन का समय दिया है। एयरलाइन को 19 सितंबर तक यह बताना होगा कि उसके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए। सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने अपने नोटिस में यात्रियों को संभालने और उन्हें एस्कॉर्ट करने वाले एअर इंडिया और एसएटीएस के कर्मचारियों की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। मामले को लेकर गृह मंत्रालय ने भी मंगलवार को अधिकारियों और संबंधित पक्षों की बैठक बुलाई। गृह मंत्रालय ने इसे सुरक्षा और इमिग्रेशन से जुड़ी गंभीर चूक बताया है। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पी बालाजी (एअर इंडिया में ग्रुप हेड- गवर्नेंस, रेगुलेटरी, कंप्लायंस और कॉर्पोरेट अफेयर्स) समेत इंटेलिजेंस ब्यूरो और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

### क्या है हब-एंड-स्पोक सिस्टम?

एअर इंडिया कुछ रूट्स पर हब-एंड-स्पोक मॉडल के तहत काम करती है। अमृतसर से जुड़ी कुछ उड़ानें भी इस व्यवस्था का हिस्सा हैं। आसान भाषा में समझें तो इस व्यवस्था में विदेश जाने वाले यात्री स्पोक एयरपोर्ट पर ही इमिग्रेशन की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। इसके बाद हब एयरपोर्ट पहुंचने पर उन्हें मुख्य रूप से सिक्योरिटी चेक के बाद अपनी इंटरनेशनल फ्लाइट पकड़नी होती है। लेकिन इस मामले में अमृतसर-दिल्ली और दिल्ली-म्यूनिख की उड़ानें इस व्यवस्था के तहत नहीं थीं। इसलिए यात्रियों को दिल्ली में अराइवल इमिग्रेशन की निर्धारित प्रक्रिया से गुजरना जरूरी था।

## वित्त मंत्री सीतारमण की जेन जी से अपील

# राष्ट्र हित से न करें समझौता 'देश' को रखें सबसे पहले

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को 'जेन जी' और 'जेन अल्फा' पीढ़ी से नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालने और देश को सबसे ऊपर रखने का आह्वान किया।


निर्मला सीतारमण

उन्होंने युवा स्नातकों से कहा कि वे यह पूछने के बजाय कि देश ने उनके लिए क्या किया है, इस पर विचार करें कि वे देश के लिए क्या योगदान दे सकते हैं। यहां डॉ. एमजीआर एजुकेशनल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट के 36वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि देश युवाओं की आकांक्षाओं को सुनने के लिए तैयार है। हालांकि, उन्होंने युवाओं से जिम्मेदारी और नागरिक कर्तव्य की गहरी भावना के साथ आगे आने की अपील की। सीतारमण ने कहा कि आप खुद को जेन जी कहें या जेन अल्फा, हम सभी आपकी बात सुनने के लिए तैयार हैं।

## हिट-एंड-रन मामले में पुलिस का बयान

# आरोपी का इरादा महिला को जान से मारने का था, दो लोग गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

गोल्फ कोर्स रोड पर महिला बाइकर को कार से टक्कर मारकर भागने के मामले में गुरुग्राम पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। अपराध शाखा सोहना की टीम ने मंगलवार सुबह आरोपित कल्याण बैंसला को राजस्थान के दौसा-राजगढ़ के बीच से पकड़ा। घटना के बाद वह अपने गांव पहुंचा था। वहां मीडिया को इंटरव्यू देकर अपना मोबाइल बंद कर फरार हो गया था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने तीन टीमें गठित की थीं।


आरोपी कल्याण बैंसला

डीसीपी ईस्ट संदीप कुमार ने बताया कि गहन जांच और सीसीटीवी विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने इस मामले में हत्या के प्रयास की धारा 109 बीएनएस जोड़ी है। वहीं पीड़िता के बयान दर्ज करने के बाद केस में महिला को परेशान करने, पीछा करने से संबंधित धारा 78, 79 बीएनएस की भी बढ़ोतरी की गई है।

## आईसीडब्ल्यूए के मंच से उपराष्ट्रपति का विश्व को संदेश

# आपसी सहयोग और साझेदारी से ही दुनिया में शांति-विकास संभव

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

उपराष्ट्रपति एवं इंडियन काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स (आईसीडब्ल्यूए) के अध्यक्ष सीपी राधाकृष्णन ने आईसीडब्ल्यूए के 'राष्ट्रीय महत्व के संस्थान' का दर्जा प्राप्त करने की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मानव प्रगति और वैश्विक शांति एक-दूसरे की पूरक हैं। दुनिया में स्थायी शांति और समावेशी विकास तभी संभव है, जब देश एक-दूसरे की चिंताओं को समझें और आपसी हितों के लिए सहयोग एवं साझेदारी की भावना से मिलकर काम करें।

### इंसानी तरक्की और विश्व शांति साथ चले



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप राष्ट्रपति

उन्होंने कहा कि टकराव और विरोधाभासों से जूझ रही दुनिया में, 'नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन' को सर्वसम्मति से अपनाना एक बड़ी उपलब्धि थी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कूटनीति का पहला मकसद देशों के बीच अच्छे संबंध बनाना है।

### भारत वैश्विक मंच पर उभर रहा

उप राष्ट्रपति ने कहा कि भारत शांति, तरक्की और खुशहाली के लिए एक मजबूत आवाज बनकर उभरा है। उन्होंने 'वसुधैव कुटुंबकम' की बात पर जोर दिया और 'वैक्सीन मैत्री', भारत की आपदा-प्रबंधन कोशिशों, 'लाइफ' और इंटरनेशनल सोलर अलायंस के उदाहरण दिए।

## 1995 के सुप्रीम फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

# उपभोक्ता कानून के दायरे में ही रहेंगे डॉक्टर, मरीजों के प्रति जवाबदेह होंगे

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि डॉक्टर और अस्पताल आगे भी उपभोक्ता संरक्षण कानून के तहत ही मरीजों के प्रति जवाबदेह रहेंगे। इस बारे में दायर एक सुधारात्मक याचिका को सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की पीठ ने खारिज कर दिया। याचिका में 1995 के सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी गई थी जिसमें चिकित्सा सेवाओं को उपभोक्ता संरक्षण कानून (सीपीए) के दायरे में लाया गया था।



### मेडिको लीगल सोसाइटी ऑफ इंडिया ने दायर की थी याचिका

जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पांच जजों की पीठ ने 9 सितंबर को याचिका खारिज करते हुए कहा, क्यूरेटिव याचिका पर विचार करने के लिए तय किए गए नियमों के तहत कोई मामला नहीं बनता है। याचिका मेडिको लीगल सोसाइटी ऑफ इंडिया के डॉ राजीव डी जोशी ने दायर की थी।

### वकीलों को मिली छूट को बनाया था आधार

याचिका में सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का हवाला दिया गया था जिसमें शीर्ष कोर्ट ने कहा था कि कानूनी पेशेवरों (वकीलों) के खिलाफ सेवा में कमी के लिए उपभोक्ता संरक्षण कानून के तहत कार्रवाई नहीं की जा सकती। इस फैसले के आधार पर क्यूरेटिव याचिका में 1995 के फैसले पर पुनर्विचार का अनुरोध किया गया था। पीठ ने कहा, यह संदर्भ गैर-जरूरी था। वकीलों से जुड़ा पिछला फैसला खास तौर पर कानूनी पेशे से संबंधित था और उपभोक्ता संरक्षण कानून से वकीलों को बाहर रखने का मतलब यह नहीं है कि चिकित्सा पेशेवरों पर लागू कानून के मामले को फिर से खोलने की जरूरत है।

# मथुरा के कोसीकलां की ज्वेलरी शॉप से 14 करोड़ की चोरी

## 10.5 किलो सोना और 15 लाख नकदी चोरी की थी

# पुलिस हिरासत में पूर्व कर्मचारी आरोपी से सोना-नकदी बरामद

अमन लेखनी समाचार/ लखनऊ

कोसीकलां में रविवार रात कस्बे के सबसे बड़े सर्राफ जुगल किशोर अमित कुमार एंड संस के शोरूम में 10.50 किलो सोना और 15 लाख की नकदी उन्हीं के पुराने कर्मचारी पप्पू ने चुराई थी।

उसने अकेले ही इस वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने देर रात पप्पू को हिरासत में ले लिया है। सूत्रों का कहना है कि उसके पास से सोना बरामद भी हो गया है।


सीसीटीवी में दिखा चोरी का सामान ले जाता हुआ शख्स

### दुकान की छत से अंदर घुसा

आरोपी चोर पड़ोसी घर की बाउंड्री वॉल पर चढ़कर और कई घरों की छतों को पार करके दुकान की छत तक पहुंचा। इसके बाद उसने दुकान में घुसने के लिए गैस कटर से लोहे की जाली काटी, जो बंदरों को अंदर आने से रोकने के लिए लगाई गई थी।

### 11 टीमों ने रात भर दबिश दी

सर्राफ ने कद-काठी के मुताबिक, उसके अपने पूर्व कर्मचारी पप्पू के होने की आशंका जताई। पुलिस की 11 टीमों ने रात भर तलाश की। कोसीकलां के ही रहने वाले पप्पू को हिरासत में ले लिया गया है। सूत्रों का कहना है कि उसके पास से 8 किलो सोना और 12 लाख रुपए की नकदी बरामद हुई है। लेकिन पुलिस अभी इस पूरे मामले में कुछ नहीं बोल रही है। एसएसपी का कहना है कि मामले में आरोपित की जांच की जा रही है।

### अकेले ही की थी वारदात

कोसीकलां में सराफा बाजार स्थित जुगल किशोर अमित कुमार एंड संस के शोरूम में रात में पड़ोसी दुकान की छत से चढ़े चोर ने जीने में लगा दरवाजा काटा, इसके बाद शोरूम में दाखिल हुआ। शोरूम के स्ट्रांग रूम का दरवाजा भी उसने काटा। फिर वहां रखी चाबी से तिजोरी खोली। यहां रखा साढ़े दस किलो सोना और 15 लाख रुपये नकद पार कर दी। चोर सात घंटे तक शोरूम के अंदर रहा। मुंह ढककर आते-जाते समय उसका चेहरा सीसीटीवी में कैद हो गया।

### दुकान में 8 घंटे तक रहा

बता दें, रविवार रात करीब 9.30 बजे काले कपड़े पहने एक शख्स मथुरा में एक ज्वैलरी शॉप की छत के रास्ते अंदर घुस गया, वह लगभग आठ घंटे तक अंदर रहा और सुबह 5.30 बजे बाहर निकला। उसने दुकान से 14 करोड़ रुपये का 10 किलो से ज़्यादा सोना और करीब 14 लाख रुपये नकद गायब कर दिया। इसके साथ ही दुकान का सीसीटीवी डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (डीवीआर) भी गायब मिला।

## संक्षेप

### बाउंड्री तोड़कर प्लॉट की रजिस्ट्री कराने का आरोप, छह पर केस

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। सिर्स गांव में प्लॉट की बाउंड्री तोड़कर जमीन दूसरे व्यक्ति के नाम रजिस्ट्री कराने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया पीड़ित की तहरीर पर निगोहां पुलिस ने छह नामजद समेत अन्य अज्ञात आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। बलिया जिले के रसड़ा थाना क्षेत्र निवासी अजय कुमार प्रजापति ने पुलिस को बताया कि उन्होंने सिर्स गांव स्थित गाटा संख्या 1036 में 3000 वर्गफीट का प्लॉट खरीदा था प्लॉट की सुरक्षा के लिए चारों ओर करीब पांच फीट ऊंची बाउंड्री भी बनवाई थी आरोप है कि तीन मई को जब वह प्लॉट देखने पहुंचे तो बाउंड्री टूटी मिली उनका आरोप है कि विपक्षियों ने बाउंड्री ध्वस्त कर जमीन किसी अन्य व्यक्ति के नाम रजिस्ट्री करा दी विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने राहुल श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव उर्फ विक्की, रफल इकबाल, बाबूलाल, अभिलाष कुमार सिंह यादव समेत अन्य अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की पुलिस का कहना कि मामले की विवेचना की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### चोरों ने स्कूल का ताला तोड़कर कंप्यूटर, प्रिंटर, टीवी सहित अन्य सामान किया पार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के बेंती गांव स्थित राजकीय हाईस्कूल में चोरों ने ताले तोड़कर कंप्यूटर, प्रिंटर, टीवी सहित अन्य सामान पार कर दिया। सोमवार सुबह विद्यालय पहुंची प्रधानाध्यापिका ने कमरे और अलमारियों के ताले टूटे देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रधानाध्यापिका तोशिमा सिंह के मुताबिक वह सोमवार सुबह करीब 7:30 बजे सहकर्मी वंदना प्रजापति के साथ विद्यालय पहुंचीं। मुख्य गेट का ताला परिचारक अविनाश कुमार से खुलवाकर अंदर गईं तो चैनल का ताला टूटा मिला। इसके अलावा चार कमरों के इंटरलॉक भी टूटे थे और अलमारियां खुली पड़ी थीं। उनमें रखा सामान अस्त-व्यस्त था। जांच करने पर कार्यालय से पुराना कंप्यूटर सेट और प्रिंटर गायब मिला। यही नहीं प्रधानाध्यापिका के कक्ष से साउंड बॉक्स, विज्ञान प्रयोगशाला से करीब पांच वर्ष पुराना 32 इंच का एलईडी टीवी और मल्टीपरपज हॉल से व्यावसायिक शिक्षा का टूल बॉक्स चोरी मिला। टूल बॉक्स में रिंच, पेचकस, प्लास समेत अन्य उपकरण रखे थे। प्रधानाध्यापिका की तहरीर पर बंथरा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। फिलहाल पुलिस विद्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर चोरों का सुराग लगाने में जुटी है।

# जन्माष्टमी के फूल सई नदी में विसर्जित करने गया युवक नदी में डूबा

## गोताखोरों ने घटना स्थल से 6 किलोमीटर दूर युवक के शव को किया बरामद

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के मिजार्पुर गांव में रविवार को जन्माष्टमी के फूल सई नदी में विसर्जित करने गया 29 वर्षीय युवक संदिग्ध परिस्थितियों में नदी में डूब गया। परिजनों ने दो दिन तक रिश्तेदारियों और आसपास के इलाकों में उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार को सुबह करीब 10:30 बजे तलाश के दौरान घर से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर सई नदी स्थित भैरव घाट के पास झाड़ियों में युवक की चप्पल, कपड़े और मोबाइल फोन मिलने के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों को बुलाकर उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। बाद में 32वीं वाहिनी पीएसी के गोताखोरों को बुलाया गया। इसके बाद 32वीं वाहिनी पीएसी के गोताखोरों ने घटना स्थल से करीब 6 किलोमीटर दूर युवक के शव को बरामद कर लिया। पुलिस के मुताबिक बंथरा के भौकापुर स्थित रामगढ़ी निवासी संदीप (29) शनिवार को जन्माष्टमी का त्योहार खत्म होने के बाद रविवार सुबह करीब 11 बजे गांव के कई अन्य लोगों के साथ घर से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर सई नदी में फूल विसर्जित करने गया था। बताते हैं कि गाँव के सभी लोग फूल विसर्जित करने के बाद वापस घर लौट आए, लेकिन संदीप घर नहीं पहुंचा। इस पर परिजनों ने उसका फोन मिलाया, लेकिन फोन नहीं रिसीव हुआ। इसके बाद परिजनों ने परिचितों और रिश्तेदारियों सहित आसपास के इलाकों में लगातार दो दिन तक तलाश की। लेकिन लेकिन संदीप का कोई पता नहीं चला। मंगलवार सुबह परिजन तलाश करते हुए सई नदी के उसी भैरव घाट के पास पहुंचे, जहां गांव के सभी लोग फूल विसर्जित करने गए थे। यहां पहुंचने पर नदी से कुछ दूर झाड़ियों के पास संदीप की चप्पल, कपड़े और मोबाइल फोन पड़ा मिला। संदीप का सामान मिलने से परिजनों को उसके नदी में डूबने की आशंका हुई और उन्होंने आनन फानन इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों को बुलाकर उसकी तलाश शुरू कराई, लेकिन काफी देर बाद भी वह संदीप को नहीं खोज पाए। इसके बाद 32वीं वाहिनी पीएसी के गोताखोरों को बुलाया गया। जहां काफी देर तक चली तलाश के बाद 32वीं वाहिनी पीएसी की गोताखोर टीम ने शाम करीब 6:15 बजे घटनास्थल से करीब 6 किलोमीटर दूर उन्नाव जिले के सोहरामऊ थाना अंतर्गत हिनोरा गांव के पास उसके शव को ढूंढ निकाला। शव यहां नदी के किनारे बबूल की झाड़ियों में फंसा हुआ था। गोताखोरों ने शव को बाहर निकाला। इसके बाद परिजनों ने उसकी पहचान की। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं संदीप के परिवार में पिता बाबूलाल, मां बृजरानी और बड़े भाई मनोज व संजय हैं।

## हुनर की नई उड़ान: 15 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण से आत्मनिर्भर बनेंगी बेटियां




अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। महिलाओं और युवतियों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र लखनऊ एवं जननायक सुजीत पाण्डेय मेमोरियल ट्रस्ट के सहयोग से मोहनलालगंज में 15 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ मुख्य अतिथि डॉ. अजय पाण्डेय ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया प्राचार्य श्रीमती तनूजा ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को व्यवहारिक कौशल के साथ स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी अवधेश कुमार गौतम ने सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर व्यवसाय शुरू करने का आह्वान किया कार्यक्रम में अवधेश कुमार सहित विभागीय अधिकारी एवं प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले मुख्य आरोपी का फरार सहयोगी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुराचार और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के मामले में सहयोगी व षड्यंत्र में शामिल 18 वर्षीय वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को उसे जेल भेज दिया है। पुलिस इस घटना के मुख्य आरोपी को पहले ही जेल भेज चुकी है। पुलिस के मुताबिक सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने बीती 24 जुलाई 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कक्षा 12 में पढ़ने वाली उसकी 16 वर्षीय बेटी की करीब साल भर पहले एक युवक से इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई। इसके बाद युवक ने विवाहित होने के बावजूद खुद को अविवाहित बताकर किशोरी के साथ शादी करने का झांसा देते हुए कई बार अपने साथ ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना अंजाम दी। इस दौरान आरोपी ने किशोरी का वीडियो भी बना लिया और बहला फुसलाकर उससे कुछ गहने भी ले लिए। बाद में जब किशोरी को उसके विवाहित होने के बारे में पता चला तो उसने आरोपी युवक पर शादी का दबाव बनाया। लेकिन आरोपी ने शादी से इनकार कर दिया। बल्कि वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे अपनी हवस का शिकार बनाता रहा। तब परेशान किशोरी ने अपने परिजनों को मामले से अवगत कराया। इसके बाद उसके पिता ने अमौसी गांव निवासी अभिषेक सिंह उर्फ गोलू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की गई तो उसमें अभिषेक के साथ सरोजनीनगर के नई बस्ती स्थित भार्गव आटा चक्की के पास रहने वाले सानू शुक्ला का भी नाम आया। इस दौरान पुलिस टीम ने 25 जुलाई को मुख्य आरोपी अभिषेक सिंह उर्फ गोलू को मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लेकिन सानू शुक्ला फरार चल रहा था। जिसके कारण उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस उपायुक्त दक्षिणी के निर्देशन में दो टीमें गठित की गई। इसके बाद सोमवार रात पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर की सूचना पर शानू शुक्ला पुत्र अशोक कुमार शुक्ला उर्फ नागराज शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए मंगलवार को उसे जेल भेज दिया है।

## ई-वेस्ट का वैज्ञानिक प्रबंधन समय की जरूरत: प्रो. के.के. सिंह

अमन लेखनी समाचार




निगोहां। बढ़ते इलेक्ट्रॉनिक कचरे (ई-वेस्ट) के सुरक्षित निस्तारण और पर्यावरण संरक्षण को लेकर बाबू सुंदर सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में मंगलवार से गेल इंडिया लिमिटेड के सहयोग से दो दिवसीय संगोष्ठी शुरू हुई उद्घाटन अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ई-वेस्ट का वैज्ञानिक प्रबंधन आज समय की सबसे बड़ी जरूरत बन गया। संस्थान के महानिदेशक प्रो. डॉ. के.के. सिंह ने कहा कि तकनीक के बढ़ते उपयोग के साथ ई-वेस्ट की मात्रा लगातार बढ़ रही यदि इसका वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण नहीं किया गया तो मिट्टी जल और वायु प्रदूषण जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न होंगी इसलिए लोगों और विशेषकर युवाओं को इसके प्रति जागरूक करना आवश्यक संगोष्ठी संयोजक प्रो. डॉ.आलोक कुमार शुक्ला ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक कचरे को सामान्य कूड़े के साथ नहीं फेंकना चाहिए बल्कि निर्धारित प्रक्रिया के तहत संग्रहित कर पुनर्चक्रण कराया जाना चाहिए संस्थान के चेयरमैन इंजी. आनंद शेखर सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं बल्कि हर नागरिक का नैतिक दायित्व। संगोष्ठी में गेल इंडिया लिमिटेड के विशेषज्ञों ने ई-वेस्ट के दुष्प्रभाव सुरक्षित निस्तारण पुनर्चक्रण और उपयोगी संसाधनों के संरक्षण पर विस्तार से जानकारी दी कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन सरस्वती वंदना और वंदे मातरम्से हुआ अंत में आयोजन सचिव प्रो. डॉ. अमित कुमार श्रीवास्तव ने अतिथियों शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

## इंडिगो का विमान में बजा स्मोक अलार्म, अचानक लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरा

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। अगरतला से दिल्ली जा रहा इंडिगो का विमान मंगलवार शाम अचानक लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरा। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि मंगलवार शाम विमान अगरतला से दिल्ली जा रहा था। तभी विमान के कार्गो क्षेत्र में अचानक स्मोक वार्निंग इंडिकेशन मिलने से हड़कंप मच गया। स्मोक अलार्म बजने के बाद पायलट ने आनन फानन एहतियातन लखनऊ एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) से संपर्क कर आपात लैंडिंग की अनुमति मांगी। जहाँ एटीसी से अनुमति मिलने के बाद विमान को लखनऊ एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतार लिया गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक इंडिगो की उड़ान (6ई6504) अगरतला से करीब शाम 4:30 बजे रवाना होकर शाम 7:05 बजे दिल्ली पहुंचती है। मंगलवार को विमान दिल्ली जा रहा था, तभी रास्ते में विमान के कार्गो क्षेत्र में स्मोक वार्निंग इंडिकेशन मिला। स्थिति को देखते हुए पायलट ने आनन फानन नजदीकी एयरपोर्ट लखनऊ एटीसी को सूचना दी और विमान को लखनऊ डायवर्ट करने का निर्णय लिया। एटीसी से लैंडिंग की अनुमति मिलते ही विमान को शाम 6:29 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतार लिया गया। इस विमान में 103 यात्री और छह क्रू सदस्य सवार थे। वहीं उक्त विमान की लैंडिंग से पहले ही लखनऊ एयरपोर्ट पर सभी इमरजेंसी रिस्पॉन्स प्रोटोकॉल सक्रिय करने के साथ फायर एवं रेस्क्यू, एंबुलेंस, मेडिकल, सुरक्षा और टर्मिनल सपोर्ट टीमें मौके पर तैनात कर दी गई थी। विमान के उतरने के बाद उसे टैक्सी वे पर लाया गया। जिसके बाद सभी यात्रियों और क्रू सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। फिलहाल विमान को एयरपोर्ट पर खड़ा कर तकनीकी टीम द्वारा जांच की जा रही है। यात्री भी जांच पूरी होने और आगे की व्यवस्था का इंतजार कर रहे हैं।

## गणेश उत्सव में दिखा आस्था और सौहार्द



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। नगराम कस्बे के लोधपुरवा गढ़ी मोहल्ले में मंगलवार को गणेश चतुर्थी समारोह धूमधाम से मनाया गया सुनील पटेल के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की पूरे मोहल्ले में भक्ति और उत्साह का माहौल रहा समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगराम थानाध्यक्ष अंजनी कुमार सिंह पहुंचे उनके साथ वरिष्ठ उपनिरीक्षक उमाशंकर सिंह उपनिरीक्षक चंद्रशेखर और राम हरीश यादव भी मौजूद रहे आयोजकों ने पुलिस अधिकारियों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया इस दौरान एडवोकेट मनीष शुक्ला, जगदीश यादव मोनू जायसवाल और सभासद पंकज वर्मा ने पुलिस टीम का स्वागत किया आयोजकों ने कहा कि धार्मिक आयोजनों में पुलिस प्रशासन की भूमिका महत्वपूर्ण होती जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न होते। गणेश प्रतिमा के समक्ष पूजा के बाद श्रद्धालुओं ने क्षेत्र में सुख-शांति और खुशहाली की प्रार्थना की बच्चों महिलाओं और युवाओं ने भी उत्साह के साथ भाग लिया आयोजन ने आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया।

## पार्षद रामनरेश ने सड़क और नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर किया शिलान्यास

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर द्वितीय वार्ड-18 की सत्यलोक कॉलोनी में मंगलवार को इंटरलॉकिंग सड़क और पक्की नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया। पार्षद रामनरेश रावत एडवोकेट की मौजूदगी में पूजा-अर्चना के बाद आशुतोष व वीरेंद्र यादव द्वारा नारियल फोड़कर निर्माण कार्य की शुरूआत की गई। इस दौरान पार्षद रामनरेश रावत ने बताया कि केपी सिंह रावत के घर के सामने से ओमप्रकाश के मकान तक करीब 120 मीटर लंबी और चार मीटर चौड़ी इंटरलॉकिंग सड़क के साथ पक्की नाली का निर्माण कार्य महापौर निधि के 10 लाख रुपए की लागत से कराया जाएगा। कार्यक्रम में मौजूद पार्षद प्रतिनिधि संतोष त्रिपाठी ने बताया कि यहाँ लंबे समय से जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से कॉलोनीवासियों को जलभराव, कीचड़ और गंदगी की समस्या से जूझना पड़ रहा था। लेकिन अब सड़क व नाली बनने के बाद लोगों को इस समस्या से छुटकारा मिल सकेगा। कार्यक्रम में निर्माण कार्य शुरू होने पर स्थानीय लोगों ने पार्षद रामनरेश रावत का फूल-मालाओं से स्वागत किया। संतोष त्रिपाठी ने बताया कि यह कार्य सांसद एवं केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और शिव शंकर सिंह ह्यशंकरीह्णआदि के प्रयास से होने जा रहा है। इस मौके पर आलोक श्रीवास्तव, रितेश दुबे, फूलचंद गौतम, राजू सिंह, प्रिंस, शिवा, रविंद्र यादव, सतीश वर्मा, कार्तिकेय, रोहित, गीता अवस्थी, दीपा सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## निलंबन के विरोध में कार्य बहिष्कार, विकास भवन में धरना



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। कठवारा ग्राम पंचायत में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी दिनेश पांडेय के निलंबन के विरोध में मंगलवार से ग्राम विकास अधिकारी और ग्राम पंचायत अधिकारी संघ ने विकास भवन में अनिश्चितकालीन शांतिपूर्ण कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया। राजधानी के बीकेटी मलिहाबाद माल सरोजनीनगर मोहनलालगंज, गोसाईंगंज चिनहट और काकोरी विकासखंडों के अधिकारी-कर्मचारी धरने में शामिल हुए संघ के जिलाध्यक्ष ललित गौतम और नागेंद्र प्रताप कुशवाहा ने आरोप लगाया कि दिनेश पांडेय का निलंबन अनुचित तरीके से किया गया उन्होंने बताया कि बहाली की मांग को लेकर पहले ही प्रशासन को ज्ञापन देकर 14 सितंबर तक कार्रवाई की मांग की गई थी लेकिन कोई निर्णय नहीं लिया गया। इसके बाद पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत कार्य बहिष्कार शुरू किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि बहाली होने तक आंदोलन और कार्य बहिष्कार जारी रहेगा चेतावनी दी कि यदि जल्द मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन का दायरा और बढ़ाया जाएगा।

## गोमती पुस्तक महोत्सव में गूंजी अंतरिक्ष की उड़ान की कहानी

अमन लेखनी समाचार





**लखनऊ।** राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत की ओर से आयोजित गोमती पुस्तक महोत्सव में मंगलवार को साहित्य, विज्ञान, समकालीन विमर्श और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विषयों पर गहन चर्चा हुई। दिन की शुरूआत ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के प्रेरक संवाद से हुई। इसके बाद दोपहर के सत्र में नरेंद्र मोदी और बनारस से जुड़े विमर्श, बाल साहित्य और पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा हुई, जबकि शाम को कवि सम्मेलन में कविता, स्मृतियों और हास्य-व्यंग्य ने माहौल को साहित्यिक रंग दिया। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत की ओर से आयोजित गोमती पुस्तक महोत्सव में मंगलवार को ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के साथ विशेष संवाद सत्र धरती से अंतरिक्ष तक सपनों की उड़ान आयोजित किया गया। इस अवसर पर उनकी अंग्रेजी पुस्तक द सेकेंड ऑर्बिट का लोकार्पण उन्होंने अपने परिजनों के साथ संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में भारत के प्रथम अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा ने वीडियो संदेश से शुभांशु शुक्ला की पुस्तक और उनकी अंतरिक्ष यात्रा की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। पुस्तक के लोकार्पण के बाद शुभांशु शुक्ला ने छात्र-छात्राओं से संवाद किया और अपने बचपन, शिक्षा, भारतीय वायुसेना में सेवा, प्रशिक्षण तथा अंतरिक्ष तक पहुंचने की पूरी यात्रा के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से पृथ्वी को देखने के बाद इंसान की सोच और नजरिया पूरी तरह बदल जाता है। उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष से न कोई देश दिखाई देता है, न कोई शहर और न ही कोई क्षेत्रीय सीमा। वहां से केवल एक सुंदर और एकीकृत पृथ्वी दिखाई देती है। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाते हुए कहा कि यदि अंतरिक्ष में कोई एलियन उनसे पूछे कि वे कहां से आए हैं और वे अपने शहर या देश का नाम बताएं, तो शायद वह उसे न समझ पाए। लेकिन यदि वे कहें कि वे पृथ्वी से आए हैं, तो वह बात तुरंत समझ में आ जाएगी।

**कविताओं ने जगाई बचपन की यादें, हास्य-व्यंग्य से गूंजा मंच:** मंगलवार की शाम आयोजित कवि सम्मेलन में कविता, संवेदना, स्मृतियों और हास्य-व्यंग्य का रंग देखने को मिला। कवयित्री पद्मिनी शर्मा ने मां सरस्वती की वंदना से कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया। इसके बाद कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से जीवन के विविध अनुभवों को श्रोताओं के सामने रखा। कवि चेतन चर्चित ने घर और परिवार के महत्व को रेखांकित करते हुए बचपन की छुट्टियों और आज की जिंदगी के बीच का फर्क सहज अंदाज में प्रस्तुत किया। उनकी बात—ह्लबचपन में छुट्टी होते ही घूमने जाने का मन करता था, लेकिन अब छुट्टी मिलते ही घर जाने का ख्याल आता हैह्व—ने श्रोताओं को भावुक कर दिया। कवि राजेश अग्रवाल ने बचपन की निश्छल यादों और जीवन की सच्चाइयों को अपनी भावपूर्ण रचनाओं में पिरोया। उनकी प्रस्तुति पर सभागार तालियों से गूंज उठा। शाम के सत्र में हास्य कवि शंभू शिखर ने समकालीन राजनीति और सामाजिक घटनाक्रम पर हास्य-व्यंग्य के तीखे तड़के से खूब मनोरंजन किया। उनकी चुटीली प्रस्तुतियों पर श्रोता ठहाके लगाते नजर आए। अन्य कवियों की रचनाओं ने भी शाम को साहित्यिक और मनोरंजक रंग प्रदान किया।

## हिंसक सियार के हमले से तीन घायल, गांव में दहशत

अमन लेखनी समाचार



निगोहां। निगोहां थाना क्षेत्र के मगटइया मजरा चिरानीखेड़ा गांव में हिंसक सियार के हमले से ग्रामीणों में दहशत फैल गई सोमवार को सियार ने दिनभर गांव के आसपास घूमकर कई पशुओं को घायल कर दिया शाम करीब छह बजे आबादी क्षेत्र में पहुंचे सियार ने एक बच्चे समेत तीन ग्रामीणों पर हमला कर उन्हें जख्मी कर दिया ग्रामीणों के मुताबिक दोपहर में पशु चरा रहे लोगों के बीच पहुंचे सियार ने अचानक हमला कर दिया था इसके बाद वह खेतों और गांव के आसपास घूमता रहा शाम को उसने मनोज कुमार (40), अमर (13) और फुस्सके (32) पर हमला कर दिया परिजन घायलों को मोहनलालगंज सीएचसी लेकर पहुंचे जहां उनका उपचार किया गया लगातार हो रहे हमलों से ग्रामीणों में भय का माहौल लोगों ने वन विभाग को सूचना देकर सियार को पकड़ने और गांव में अभियान चलाने की मांग की ग्रामीणों ने बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई।

## संक्षेप

### वृद्ध महिला ने गंगा नदी में लगाई छलांग एनडीआरएफ की टीम ने बचाया

सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के बक्सर गंगा घाट पर मंगलवार सुबह घरेलू कलह से परेशान एक वृद्ध महिला ने उफनती गंगा नदी में छलांग लगा दी। मौके पर तैनात राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के जवानों ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। थाना क्षेत्र के राछौलिया गांव की रहने वाली कुशमा देवी पति रामनाथ चतुर्वेदी 80 वर्ष परिवार वालों के साथ गंगा स्नान और दर्शन करने बक्सर घाट आयी थी। मौका देख स्नान के बहाने वह मंदिर के ऊपरी हिस्से की ओर गईं और अचानक गंगा नदी में कूद गईं। गंगा का बहाव तेज होने के कारण महिला तेजी से बहने लगी। वह मां चंडिका देवी मंदिर से करीब 300 मीटर दूर गंगा पुल के पास गहराई में चली गई। वृद्ध महिला को पानी में डूबता देख घाट पर मौजूद परिजन और श्रद्धालु घबरा गए और शोर मचाने लगे। घाट पर तैनात एनडीआरएफ की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मोटर बोट और लाइफ जैकेट के साथ बीच धारा में डूब रही महिला को बोट पर चढ़ाया और सुरक्षित किनारे ले आए। चौकी इंचार्ज राजेन्द्र मिश्रा ने बताया वृद्ध महिला का पैर फिसल जाने की वजह से हादसा होते बचा। वृद्धा को प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया।

### गंगा नदी पुल पर खड़ी मिली कार युवक लापता

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र निवासी युवक की कार व मोबाइल गंगा पुल पर मिलने से सनसनी फैल गई देर रात उसके गंगा में छलांग लगाने की सूचना पर बिल्हौर पुलिस खोजबीन हेतु प्रयास में लगी हुई है कि घटना के दूसरे दिन भी युवक का सुराग नहीं चल पाया है।घटना के बाद से परिजनों में मातम छाया हुआ है बांगरमऊ क्षेत्र के गांव नसिरापुर निवासी 35 वर्षीय सूरज पुत्र सुशील कटियार की कार गंगा नदी पुल पर खड़ी मिली जिसके अंदर फोन रखा हुआ था सोमवार की देर शाम यह मामला प्रकाश में आने के बाद हड़कम्प की स्थित बन गई आनन फानन में बांगरमऊ व बिल्हौर पुलिस ने मौके पर दस्तक दी जिसके बाद घटनास्थ बिल्हौर थानाक्षेत्र होने के कारण कानपुर पुलिस उसकी खोजबीन में लग गई अगले दिन सुबह से ही बिल्हौर पुलिस गोताखोर व राहत आपदा दल की टीम के साथ खोजबीन में लगी रही किंतु उसका कुछ सुराग नहीं चल सका है।घटनास्थल के आसपास गंगा नदी का जलस्तर अत्यधिक गहरा होने के कारण रेस्क्यू टीम को भी मुसीबत बनी हुई है। चर्चा के अनुसार घरेलू कलह के चलते युवक गंगा नदी पुल पर पहुंचा तथा कार खड़ी कर मोबाइल वही छोड़ दिया जिसके बाद से लापता हो गया घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। कोतवाल बांगरमऊ अखिलेश चंद पांडेय ने कहा है कि युवक के गंगा नदी में छलांग लगाने की सूचना मिली थी बिल्हौर पुलिस तलाश कराने में लगी हुई है।

### बिना परमिट के काटा हरा भरा आम का पेड़ दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव।बिहार थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में बिना अनुमति के आम का हरा पेड़ काटे जाने पर वन विभाग की जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने पेड़ मालिक के खिलाफ संबंधित कानूनी धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बीघापुर रेंज की तकिया बीट में तैनात वनरक्षक सोनी दीक्षित को मुखबिर से कल्याणपुर में अवैध रूप से आम का पेड़ काटे जाने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुँची वनरक्षक को ताजा कटा हुआ आम का ठूंठ मिला । पेड़ की मुख्य मोटी लकड़ी मौके से गायब पाई गई, जबकि लगभग 20 कुंतल जलौनी लकड़ी वहीं पड़ी मिली।

वनरक्षक सोनी दीक्षित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पेड़ मालिक त्रिभुवन सिंह के खिलाफ उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

# बसहा झील का पानी घरो में घुसा

## छतों पर रात गुजारने को मजबूर ग्रामीण

अमन लेखनी समाचार



नवाबगंज, उन्नाव। लगातार बारिश के बाद बसहा झील में जलस्तर बढ़ने से ककोर बाबा के पास हालात बिगड़ गए हैं। बरेला के पास लगने वाली बाजार और नवाबगंज जाने वाला संपर्क मार्ग पानी में डूब गया है। इससे दर्जनभर से अधिक गांवों के ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और रोजमर्रा के काम से आने-जाने वाले लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पानी की गहराई का अंदाजा नहीं लगने से कई लोग गिरकर चोटिल हो चुके हैं, जबकि कुछ लोग डूबने से बाल-बाल बचे।

बसहा झील के आसपास जलभराव इतना बढ़ गया है कि कई घरों में पानी घुस गया है। ग्रामीणों के मुताबिक, परिवारों को घर तक पहुंचने के लिए नाव का सहारा लेना पड़ रहा है। कई प्रभावित परिवार घर का जरूरी सामान सुरक्षित स्थान पर रखने में भी असमर्थ हैं। कुछ परिवार छतों पर रात गुजारने को मजबूर हैं। जलभराव का असर गांवों के साथ खेतों पर भी पड़ा है। क्षेत्र में हजारों बीघे धान की फसल पानी में डूब गई है। किसानों को फसल बर्बाद होने की चिंता सता रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द पानी की निकासी नहीं हुई तो खेतों में खड़ी फसल पूरी तरह नष्ट हो सकती है। ग्रामीणों का आरोप है कि पहले बारिश के दौरान बसहा झील का पानी नाले के जरिए बाहर निकाल दिया जाता था। इस बार सिंचाई विभाग की ओर से नाले की सफाई नहीं कराए जाने के कारण वह जाम पड़ा है। पानी की निकासी बाधित होने से झील का पानी आसपास के गांवों और खेतों में फैल गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि जलभराव की समस्या लगातार बनी हुई है, लेकिन अब तक जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी और जनप्रतिनिधि मौके पर हालात देखने तक नहीं पहुंचे। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल मौके का निरीक्षण कर जलनिकासी की व्यवस्था कराने, बरेला-ककोर बाबा मार्ग को आवागमन योग्य बनाने और प्रभावित परिवारों को राहत उपलब्ध कराने की मांग की है। बरेला-नवाबगंज मार्ग पर जलभराव के चलते ककोर बाबा पर लगने वाली बाजार अब सेरसा सरायजोगा मार्ग स्थित बरेला गांव के पास लग रही है। सड़क किनारे दुकानें लगने से आवागमन प्रभावित होने के साथ हादसे का खतरा भी बना हुआ है। सब्जी दुकानदार सुनील, रामचंद्र, राजपूत समेत अन्य दुकानदारों ने बताया कि बाजार और रास्ते में पानी भरा होने के कारण मजबूरी में यहां दुकानें लगानी पड़ रही हैं। दुकानदारों का कहना है कि परिवार का पेट पालना है, इसलिए जोखिम के बावजूद दुकान लगाने को मजबूर हैं।और यहाँ कोई जिम्मेदार अधिकारी देखने तक नही आया। दुंदपुरझ्झहरचंदपुर बांध विवाद के आठ दिन बाद भी जलनिकासी का इंतजाम नहीं हो सका। विवाद के बाद सैकड़ों ग्रामीण नवाबगंज चौकी पहुंचकर पानी निकासी की मांग कर चुके हैं।इसके बाद एसडीएम, सीओ, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, लेखपाल और सिंचाई विभाग के अधिकारियों समेत तीन थानों की पुलिस मौके पर पहुंची थी। गांव में बैठक कर समाधान का भरोसा दिया गया। अगले दिन ड्रोन से सर्वे भी कराया गया, लेकिन अब तक पानी निकासी की कोई ठोस व्यवस्था नहीं हो सकी है। ग्रामीणों में जिम्मेदारों की कार्यशैली को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। पीड़हरी निवासी अनुज सिंह ने बताया कि बसहा झील में जलभराव की समस्या महीनों से बनी हुई है, सड़क के ऊपर से पानी बह रहा है जिससे सड़क धस गई है, लेकिन अब तक कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर स्थिति देखने तक नहीं पहुंचा। कटेहरु निवासी शिवनारायन लोधी ने कहा कि नाला-नहर सफाई के नाम पर हर साल लाखों रुपये खर्च होने के दावे किए जाते हैं, लेकिन मौके पर नालों की हालत जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है।

# युवा सपा नेता ने गणेश शोभा यात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराने की मांगी अनुमति

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। आगामी 20 सितम्बर को नगर में निकलने वाली गणेश शोभायात्रा को लेकर इस बार एक अनूठी पहल सामने आई है। युवा सपा नेता मोहम्मद इमरान सिद्दीकी ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर गणेश शोभायात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराने की अनुमति मांगी है। उन्होंने धार्मिक आयोजन की भव्यता और श्रद्धालुओं के उत्साह को देखते हुए प्रशासन से आवश्यक अनुमति प्रदान किए जाने का अनुरोध किया है। प्रस्ताव को लेकर नगर में चर्चा शुरू हो गई है। जिलाधिकारी को प्रेषित पत्र में सपा नेता श्री सिद्दीकी ने कहा है कि आगामी 20 सितंबर को गणेश महोत्सव के अवसर पर बांगरमऊ कस्बे में विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया जाता है। शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर सपा नेता श्री सिद्दीकी अपने निजी खर्चे पर हेलीकॉप्टर द्वारा पुष्पवर्षा कराने के इच्छुक है। उन्होंने जिलाधिकारी से हेलीकॉप्टर द्वारा पुष्प वर्षा की अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया है। जिलाधिकारी को पत्र सौंपने के बाद श्री सिद्दीकी ने पत्रकारों को बताया कि उनका इस भव्य शोभायात्रा में सहभागिता करते हुए इसे और अधिक स्मरणीय बनाना तथा क्षेत्र की गंगा-जमुनी तहजीब, आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द की मिसाल को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि यहाँ सभी धर्मों के लोग आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ सभी त्योहार मनाते आए हैं। गणेश महोत्सव की यह शोभायात्रा भी आपसी सौहार्द और एकता का संदेश दे, यही उनकी भावना है।

# दंगल में पहलवानों ने दिखाए अपने अपने दाव पेच

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के गांव चिलौली में परंपरागत रूप से होने वाले दंगल में कई इनामी कुश्तियां को लेकर पहलवानों ने भरपूर दावपेंच दिखाएं। सगवर के राजेश ने कड़े मुकाबले में कानपुर के सुमेरा को चित्त करके सिरमौर कुश्ती जीती। बाबू खेड़ा के सुनील ने कानपुर के मुकेश को, सनी कानपुर ने फतेहपुर के साहिल को पटखनीदी। दिल्ली के हर्ष व एकघरा के मुन्ना सिंह, नसीरपुर के गोलू व गौरा के अतुल के बीच बराबर की कुश्ती हुई। सभी पहलवानों को नगद धनराशि देकर प्रोत्साहित किया गया। इस विराट जंगल में समाजसेवी पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, अनुराग त्रिवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शशांक शेखर सिंह भाजपा नेता केडी त्रिपाठी, दिलीप बाजपेई, भोले प्रधान, सुरेश यादव, राहुल पासी, आयोजक अनूप बाजपेई, रविशंकर शुक्ल ,शैलेश तिवारी, सूर्य प्रसाद गौतम, संजय सिंह, इकबाल सिंह मौजूद रहे।



# अधेड़ का पैर फिसला गंगा नदी के उपधारा में समाया तलाश जारी

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरुदीन खेड़ा गांव निवासी लगभग 55 वर्षीय अधेड़ मंगलवार को सुबह करीब साढ़े 9 बजे गंगा की उपधारा में प्रसाद चढ़ाते समय अचानक पानी में लापता हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा और गोताखोरों की मदद से लापता अधेड़ की तलाश शुरू कर दी गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुदीन खेड़ा गांव निवासी पप्पू सिंह पुत्र स्वर्गीय बजरंग सिंह, उम्र लगभग 55 वर्ष, मंगलवार को काली मिट्टी-शिवराजपुर मार्ग पर दबौली के समीप हिन्दूपुर पुलिया के पास पहुंचे थे। परिजनों के मुताबिक पप्पू सिंह प्रत्येक मंगलवार को गंगा जी में प्रसाद चढ़ाते थे। बताया गया कि क्षेत्र में बाढ़ और कटान के कारण गंगा की मुख्य धारा तक पहुंचना संभव नहीं था, जिसके चलते वह हिन्दूपुर पुलिया के समीप गंगा की उपधारा में ही प्रसाद चढ़ा रहे थे। इसी दौरान अचानक वह पानी में चले गए और देखते ही देखते लापता हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद भारी पुलिस बल के साथ गोताखोरों की टीम ने तलाश शुरू की। परिजनों के अनुसार दिन में तकनीकी सिस्टम से खोजबीन का प्रयास किया गया, लेकिन तकनीकी व्यवस्था में दिक्कत आने के कारण सफलता नहीं मिल सकी। शाम करीब छह बजे दोबारा तेजी से खोजबीन का प्रयास शुरू किया गया। गंगा की उपधारा में पानी का बहाव और कटान होने के कारण बचाव दल को तलाश में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गोताखोर लगातार पानी में संभावित स्थानों पर खोजबीन कर रहे हैं।उधर, पप्पू सिंह के लापता होने की खबर से उनकी पत्नी, बच्चों और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन लगातार उनकी बरामदगी की उम्मीद लगाए हुए हैं। देर शाम तक उनकी तलाश जारी थी।

# महिला ने अपने ससुरालीजनो पर दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कस्बे की कजियाना मोहल्ला निवासी विवाहिता ने ससुरालीजनों पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कजियाना मोहल्ला निवासी पीड़िता मुस्कान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका विवाह 9 अप्रैल 2026 को कस्बे के ही मोहल्ला सौदाग्रान निवासी सुहेल के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से हुआ था।आरोप है कि शादी के बाद से ही पति समेत ससुरालीजन कम दहेज लाने का ताना देकर अतिरिक्त दहेज की मांग करते थे। पीड़िता ने बताया कि उसने अपने पिता को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद पिता ने ससुराल पहुंचकर 50 हजार रुपये भी दिए।लेकिन इसके बाद भी प्रताड़ना बंद नहीं हुई। 15 अगस्त की शाम करीब आठ बजे पति समेत आठ लोग उसके किराये के कमरे पर पहुंचे और पिता से रुपये व मोटरसाइकिल दिलाने की मांग करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों तथा रबर की पाइप से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि आरोपितों ने दूसरी शादी करने की धमकी भी दी।पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। एसओ संदीप मिश्रा ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# साधन सहकारी समिति अध्यक्ष जनार्दन प्रसाद शुक्ल के निधन पर श्रद्धांजलि सभा, चित्र पर पुष्प अर्पित कर दिया मौन श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार




असोहा, उन्नाव। क्षेत्र की साधन सहकारी समिति गोसाईखेड़ा के अध्यक्ष कन्दरपुर निवासी जनार्दन प्रसाद शुक्ल का बीते 29 अगस्त को बीमारी के चलते निधन हो गया था। सोमवार को असोहा स्थित सहकारी समिति पर समिति के सदस्यों तथा सामाजिक लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया।

समिति के उपाध्यक्ष नीरज तिवारी ने बताया कि स्वर्गीय जनार्दन प्रसाद शुक्ल बहुत ही मृदुभाषी और हंसमुख स्वभाव के व्यक्ति थे। वह सभी के सुख-दुख में 24 घंटे मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। उन्होंने बताया कि जब से सहकारी समिति गोसाईखेड़ा बनी है तब से समिति का कभी चुनाव नहीं हुआ। वर्ष 65 से अब तक वह निर्विरोध अध्यक्ष रहे। बीच में एक-दो बार उन्होंने क्षेत्र के दूसरे व्यक्तियों को भी अध्यक्ष बनाया। वह बैंक के डेलीगेट भी रहे। वह दलगत राजनीति से हटकर कार्य करते थे, इसलिए हमेशा सबके प्रिय रहे।

सदस्य संतराम ने बताया कि स्वर्गीय जनार्दन जी का सहकारी समिति में यहां से उन्नाव तक प्रभुत्व था और सभी लोग उनका आदर करते थे।

श्रद्धांजलि सभा में भाजपा नेता संजय शुक्ल, रामचन्द्र यादव, अनुज शुक्ल, भालचन्द्र गोस्वामी, अखिल श्रीवास्तव, गुड्डू पाल, विजय यादव, रामशंकर यादव, बउवा अवस्थी, संतराम सहित अन्य क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# हरियाली तीज पर महिलाओं भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा अर्चना



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। हरियाली तीज के पावन अवसर पर कस्बा तहसील क्षेत्र के कस्बों व ग्रामीण अंचलों में भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। तीज के अगले दिन मंगलवार को भोर की पहली किरण फूटते ही गाँवो के तालाब श्रद्धालुओं की चहल-पहल से गुलजार हो उठा। आसपास के मोहल्लों और दूर-दराज के गांवों से महिलाओं की टोलियाँ हाथों में पूजा की थाली लिए पारंपरिक लोकगीतों को गाते हुए तालाब की ओर बढ़ने लगीं। महिलाओं ने देवों के देव महादेव और जगज्जननी माता पार्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की तथा अखंड सौभाग्य एवं परिवार की सुख-समृद्धि की मंगलकामना की। इस दौरान महिलाओं द्वारा गाए जा रहे हरियाली तीज के पारंपरिक लोकगीतों और शिव भजनों से पूरा परिसर गूंज उठा। तालाबो के शांत जल में जल की सतह पर तैरते पुष्प एवं पत्र दृश्य को और भी अलौकिक व विहंगम बना रहे थे। बुजुर्ग महिलाओं के चरण स्पर्श कर नवविवाहिताओं एवं युवतियों ने अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# जामुन के वृक्ष में पधारे... गजानन की पूजा अर्चना

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव। विकास खण्ड क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय मलयपुर कम्पोजिट में मंगलवार दोपहर छात्राओं एवं शिक्षकों ने छात्रों एवं अभिभावकों मे वृक्षों के संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने हेतु विद्यालय प्रांगण में लगे जामुन के वृक्ष में भगवान गणेश की स्थापना कर पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश बाजपेई ने जामुन के वृक्ष में गणेश स्थापना' को अनूठी और लोक हितकारी बताया। हमारे वृक्ष - हमारे पालनहार' जन जागरण कार्यक्रम के संयोजक - सहायक शिक्षक आशीष कुमार दीक्षित ने बताया विद्यालय विभिन्न त्योहारों को पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता जागरूकता की मुहिम से जोड़ता आया है। गणेश पूजन कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं के हाथों में वृक्षों के संरक्षण से सम्बंधित स्लोगन संदेश देने का कार्य करते रहे। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष विनोद सिंह, प्रधान शिक्षक अजीत कुमार सिंह ,मुकेश सचान, आरती यादव, गोपाल यादव, वीरेन्द्र कुमार,उषा देवी, विनय शंकर के साथ मोहित सिंह,बबली सिंह ,जयदीप, शुभांशु,अंशू पाल,अमित पाल, सुन्दरम सिंह,मयंक आदि लोग उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय यात्रा में गुरु के प्रति श्रद्धा,समर्पण एवं महिमा का अद्बितीय संगम के विहंगम का दृश्य

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव।गुरु शब्द व्यापक है और महिमा शब्दों की सीमा से परे है कबीर लिखते हैं -सब धरती कागद करूं लेखनी सब बनराय, सात समंद की मसि करूं गुरु गुण लिखा न जाए। कबीर यहीं नहीं रुकते वह आगे लिखते हैं कबीर ते नर अंध हैं गुरु को कहते और,हरि रूठे गुरु ठौर है गुरु रूठे नहि ठौर।बाबा तुलसी ने भी लिखा - गुरु गुण ज्ञान बिमल मख ज्योती ,सुमिरत दिव्य दृष्टि हियं होती गुरु का अपने शिष्यों के प्रति वात्सल्य इन्ही पक्तियों का पूरक है पिछले पच्चीस साल से राजस्थान के दौसा जिले के मेहंदीपुर में विख्यात बाला जी धाम में प्रति वर्ष अपने शिष्यों एवं प्रियजनों को ले जाकर उन्हें संकटो से मुक्ति दिलाने के अभियान का एक नाम अमरेंद्र मिश्र उपाख्य गुरु जी है जो बाला जी जन कल्याण समिति के जरिए लोक कल्याण के अधिष्ठान में श्रम शील हैं उनके असीम स्नेह का नतीजा है कि वर्ष में दो बार धाम जाने वाले यात्रियों की संख्या में मौरावां का पहला स्थान है।धाम में तीन दिवसीय प्रवास के दौरान अलग - अलग पूंजा पद्धति से गुजरने वाले संकटधारियों के अलावां बाबा के भक्तों में गुरु अमरेंद्र के प्रति अटूट विश्वास यह बताने को काफी है कि उनके असीम स्नेह ने तमाम जनपदों तक अपनी छाप छोड़ी है ताजा स्थिति यह कि यू- पी ही नहीं मध्य प्रदेश,हरियाणा,महाराष्ट्र ,पंजाब,नेपाल,दिल्ली,गुजरात आदि से भी संकटधारी दरबार से जुड़े हैं जो संकटों से मुक्ति पाने हेतु बाबा के दरबार आते हैं।तीन दिवसीय बाबा के भक्तों का महाकुंभ आंखों को बेहद सुख देने वाला होता है संकटों से जूझ रहे तमाम बाबा की शरण पहुंचते ही मुक्ति पाते हैं गुरु अमरेंद्र मिश्र कहते है कि वह कुछ नहीं करते बाबा ही सब कुछ करतें हैं वह अर्जी दरखास्त लगवाकर बाबा से सिफारिश कर देते हैं और बाबा की दया हो जाती है।



मौरावां में कोई पच्चीस साल पहले छोटी सी कोठरी में बाबा का दरबार लगाकर जन कल्याण का खाका खींचने वाले अमरेंद्र मिश्र गुरु जी ने सोचा भी नहीं होगा कि बाबा की कृपा से उनका प्रभाव इतना व्यापक हो जाएगा, लोगों की मानें तो श्री मिश्र आज के दौर वाले नहीं हैं उन्होंने धर्म को धंधा नहीं सेवा का मार्ग माना बिना किसी शुल्क,दक्षिणा के सेवा उनकी प्राथमिकता थी , आज भी है यही वजह है कि दरबार से जुड़े लोग उन्हें बेहद प्यार करते हैं और वह भी अपने सभी शुभ चिंतकों ,शिष्यों को माता पिता की तरह स्नेह देते हैं।

तीन दिवसीय यात्रा से लौटने के बाद हमारी मुलाकात हुई तो चर्चा ने विस्तार ले लिया तमाम जानकारियां हांसिल हुई लब्बोलुआब यह कि मौरावां का बाला जी दरबार /बाला जी जन कल्याण सेवा समिति द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की चर्चा हर तरफ हो रही है।

पुरवा।मेहंदीपुर धाम जाने वाले अन्य दरबारों को पछाड़ते हुए बाला जी जनकल्याण सेवा समिति की तीन दिवसीय यात्रा को राजस्थान सरकार ने संज्ञान लिया नतीजा न सिर्फ सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये बल्कि सुविधाओं पर भी पैनी नजर बनाए रखी बाला जी जन कल्याण सेवा समिति द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की शुरूवात अमरेंद्र मिश्र उर्फ गुरु जी ने कन्या पूजन कर की तत्पश्चात मानस पाठ एवं रात्रि जागरण का आयोजन किया गया।खास यह कि तीनों दिन भव्य एवं पूर्ण सात्विक भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी दरबार की ओर से निःशुल्क दी जा रही है जिसमें दरबार जाने वाले श्रद्धालुओं के अलावा आसपास के सैकड़ों लोग शामिल होते हैं।

सफलता के वाहक प्रबुद्ध एवं सेवादारों में सैकड़ों लोग।

पुरवा। सीताराम महाराज जी राम दरबार, कृपा शंकर बाजपेयी, लालता त्रिपाठी,श्री कांत शुक्ला, जयशंकर पाण्डेय, सुनील सोनी (पुत्तन ), सुनील, जायसवाल ( बबलू ) वीरेंद्र कुमार ( गुड्डू ) नरेन्द्र गुप्ता ( छुन्नी ), संजय गुप्ता (प्रधान ), सनुज अवस्थी, ललित पाण्डेय, अनुज शुक्ल, अभिषेक शुक्ल, सुनील मिश्रा, अशोक सिंह, देवेश गुप्ता, अनुज बाजपेयी ( एडवोकेट ) विशाल श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, दिवाकर तिवारी,सज्जन त्रिपाठी, सम्राट शुक्ला, साहित्य शुक्ला, अविरल शुक्ला, नन्हे त्रिपाठी, लीलाधर द्विवेदी, देवेश गुप्ता -2, अभिषेक यादव, दिनेश यादव, राहुल यादव, राजू गुप्ता, आयुष जायसवाल, मुकेश यादव, भीम शंकर त्रिपाठी, रामचंन्द्र शर्मा ( पूत बाबा ) रमेश साहू (अध्यापक ), डॉ0 आशीष जायसवाल, शिवम शुक्ला, सोनू गुप्ता, बिशुन चंद्र गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, कुलदीप कुमार, वी. के. सिंह ( फौलाद ) मनोज सिंह, अंकित त्रिवेदी, महेश पंडित, सागर पंडित, अभिषेक मिश्रा,अंकुर तिवारी, श्रीकांत,गुप्ता (मुन्ना ) महेश सोनी, उमाशंकर यादव, डाड्ड अवधेश कुमार, अभिषेक गुप्ता, विकाश सिंह, जगत सिंह, राजेश सविता, बृजेश यादव, पियूष गुप्ता, संजय गुप्ता, शिवम सिंह, रामनरेश (मौर्या-सरजी ) युगल किशोर त्रिवेदी, प्रमोद, संतोष, विपिन गुप्ता, अनिल गुप्ता, रामबाबू गुप्ता, अंकित गुप्ता, अमन गुप्ता, प्रांशु गुप्ता, विशेष गुप्ता, प्रियम गुप्ता, संदीप, जीतेंद्र राजपूत, रमाशंकर (शंकरी बाबा ), कल्लू हलवाई, सुरेन्द्र गुप्ता, इंदल कारीगर आदि रहे। किरन मिश्रा, ममता गुप्ता, आरोही गुप्ता, नीलम श्रीवास्तव,निर्मला दीदी, कस्तूरी गुप्ता, नीतू जायसवाल, प्रमिला सिंह, मीनाक्षी गुप्ता, सहानी गुप्ता, रश्मी यादव, मंजू यादव, प्रिंशी साहू, अंजली गुप्ता, पूनम, नेहा यादव, मोहिनी चौरसिया, शिवाकांती आदिसम्राट जागरण पार्टी के संचालक हिमांशु सिंह गायक अमन बृजवासी, ज्ञानेंद्र शुक्ला, अवनीश राजपूत, ढोलक संगत अंकुर विशेष पाण्डेय, गोपाल गुप्ता, राहुल सिंह आदि कलाकार सारी रात बाबा का गुणगान करते हैं। कहा जा सकता है कि बाला जी जन कल्याण सेवा समिति का यह कारवां अब रुकने वाला नहीं है।

## सम्पादकीय

# संविधान की मूल भावना के अनुरूप है यूसीसी

समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी को लेकर देश में बहस नई नहीं है, लेकिन अब यह बहस विचार के स्तर से आगे बढ़कर कानून और उसके क्रियान्वयन के स्तर पर पहुंचती दिखाई दे रही है। विवाह, तलाक, बच्चा गोद लेने और संपत्ति के बंटवारे जैसे पारिवारिक मामलों में सभी नागरिकों के लिए समान नियम लागू करने की अवधारणा अपने आप में संविधान की उस भावना के अनुरूप है, जो कानून के सामने समानता और समान अधिकार की बात करती है। संविधान के अनुच्छेद 44 में भी राज्य को पूरे देश में नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करने का निर्देश दिया गया है। यूसीसी का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष महिलाओं के अधिकारों से जुड़ा है। विवाह और उत्तराधिकार जैसे मामलों में अलग-अलग व्यक्तिगत कानूनों के कारण महिलाओं के अधिकारों में जो असमानताएं दिखाई देती रही हैं, उन्हें दूर करने की दिशा में समान कानून महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। किसी महिला के अधिकार केवल उसके धर्म या व्यक्तिगत कानून से तय न होकर समान नागरिक अधिकारों के आधार पर तय हों, यह संवैधानिक समानता की मूल भावना को मजबूत करता है। देश में यूसीसी को लेकर उत्तराखंड ने सबसे पहले कानून लागू करके एक महत्वपूर्ण पहल की है। इसके बाद अन्य भाजपा शासित राज्यों में भी इस दिशा में गतिविधियां तेज हुई हैं। गुजरात और असम में इससे संबंधित प्रस्ताव आगे बढ़े हैं, जबकि मध्य प्रदेश में भी इससे जुड़े विधायी कदम उठाए गए हैं। केंद्र सरकार की ओर से भाजपा शासित करीब 21 राज्यों में यूसीसी लागू करने की योजना पर काम किए जाने की चर्चा इस मुद्दे को राष्ट्रीय बहस के केंद्र में ला रही है। महाराष्ट्र सरकार द्वारा भी शीतकालीन सत्र में यूसीसी विधेयक पेश करने की तैयारी इसी बदलते राजनीतिक और विधायी परिदृश्य का संकेत है। हालांकि यूसीसी का उद्देश्य समानता स्थापित करना है, लेकिन इसकी सफलता केवल कानून बनाने से तय नहीं होगी। इसी संदर्भ में मुस्लिम पर्सनल लॉ को लेकर उठने वाली आपत्तियों और न्यायिक चुनौती को भी गंभीरता से देखना होगा। सुप्रीम कोर्ट में मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट, 1937 के कुछ प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई का मुद्दा इस व्यापक बहस का हिस्सा है। याचिकाकर्ताओं ने इसमें मुस्लिम महिलाओं के साथ भेदभाव का आरोप लगाया है। दूसरी ओर, भोपाल में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की बैठक में यूसीसी के विरोध के साथ कानूनी लड़ाई की रणनीति पर चर्चा और 17 सितंबर को जंतर-मंतर के कार्यक्रम में मध्य प्रदेश से लोगों की भागीदारी की अपील बताती है कि विरोध का पक्ष भी अपनी बात लोकतांत्रिक और कानूनी तरीके से रखने की तैयारी कर रहा है। यूसीसी यदि वास्तव में समान नागरिक अधिकारों का माध्यम बनना है तो उसकी बुनियाद किसी समुदाय के विरुद्ध राजनीतिक ध्रुवीकरण पर नहीं, बल्कि लैंगिक न्याय, समानता और संवैधानिक अधिकारों पर होनी चाहिए। समान नागरिक संहिता संविधान के अनुच्छेद 44 में व्यक्त लक्ष्य है। इसलिए इस पर चर्चा या कानून बनाने को असंवैधानिक कहना उचित नहीं होगा। लेकिन संवैधानिक भावना का अर्थ केवल समान कानून बनाना नहीं, बल्कि समानता के साथ न्याय और सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना भी है। यूसीसी तभी सफल होगा, जब वह समाज को बांटने के बजाय नागरिकों के बीच समान अधिकार और समान न्याय का भरोसा मजबूत करे।



मुद्दा

ओमकार चौधरी


# मोदी को ब्रिक्स से नई ऊर्जा

**2027 के विधानसभा चुनाव भाजपा के लिए सिर्फ पांच राज्यों की सत्ता का सवाल नहीं, बल्कि 2029 की बड़ी राजनीतिक लड़ाई की जमीन भी तैयार करेंगे। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर में होने वाले चुनावों से पहले भाजपा 2024 के बाद मिली लगातार चुनावी सफलताओं के आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतर रही है। पश्चिम बंगाल में सत्ता हासिल करने से पार्टी का मनोबल बढ़ा है, वहीं दिल्ली में वापसी और अन्य राज्यों में एनडीए की जीत ने विपक्ष की चिंता बढ़ाई है। इसी बीच ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की कूटनीतिक सफलता भाजपा के लिए राष्ट्रवाद और वैश्विक नेतृत्व का नया चुनावी नैरेटिव तैयार कर सकती है।**

भारतीय राजनीति एक बार फिर करवट लेने जा रही है। 2027 में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर, गोवा और पंजाब इन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, और भाजपा नेतृत्व अभी से इसकी तैयारियों में जुट गया है। लेकिन इस बार भाजपा किसी नई शुरुआत के साथ नहीं, बल्कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद मिली सिलसिलेवार जीतों के आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरने वाली है। साथ ही, नई दिल्ली में अभी-अभी संपन्न हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की कूटनीतिक सफलता भी उसके लिए एक सकारात्मक माहौल बना रही है, जिसका सीधा असर आने वाले चुनावों में मतदाताओं की सोच पर पड़ सकता है। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद से अब तक देश के करीब ग्यारह राज्यों में विधानसभा चुनाव हो चुके हैं, और इनमें से सात से ज्यादा में एनडीए-भाजपा की सरकारें बन चुकी हैं।

आंध्र प्रदेश, ओडिशा और अरुणाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव के साथ ही एनडीए को जीत मिली थी। इसके बाद हरियाणा में भाजपा ने लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर इतिहास रचा, तो महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन ने बड़ी जीत दर्ज की। दिल्ली में करीब 27 साल बाद भाजपा की सत्ता में वापसी हुई और बिहार में एनडीए ने अपना गठबंधन बरकरार रखा।लेकिन इस पूरी यात्रा की सबसे बड़ी और चौंकाने वाली कामयाबी रही पश्चिम बंगाल। मई 2026 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को करारी शिकस्त देते हुए पहली बार राज्य में सरकार बनाई और वो भी प्रचंड बहुमत के साथ। यह जीत इसलिए भी खास मानी जा रही है, क्योंकि बंगाल लंबे समय से भाजपा के लिए एक दुर्गम किला माना जाता रहा है। इसी के साथ असम में भाजपा की सत्ता में वापसी हुई और पुडुचेरी में भी एनडीए जीता। हालांकि केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने दस साल बाद सत्ता में वापसी की, और तमिलनाडु में अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके ने डीएमके को सत्ता से बाहर कर दिया यानी तस्वीर पूरी तरह एकतरफा नहीं है, लेकिन बड़े और रणनीतिक रूप से अहम राज्यों में भाजपा-एनडीए की लगातार जीत ने पार्टी को एक मजबूत मनोवैज्ञानिक बढ़त जरूर दी है। यही वजह है कि विपक्षी खेमे में बेचैनी बढ़ती जा रही है। चिंता यह है कि अगर भाजपा का यही जीत का सिलसिला 2027 में यूपी, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर जैसे राज्यों में भी बरकरार रहा, तो 2029 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष के लिए चुनौती और भी विकराल हो जाएगी। यूपी जैसे सबसे बड़े राज्य में भाजपा को सत्ता की हैट्रिक की उम्मीद है, हालांकि समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव का पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) फॉर्मूला उसके लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। वहीं, पंजाब अकेला ऐसा राज्य है जहां भाजपा सत्ता में नहीं है यहां आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल खुद सक्रिय होकर रैलियां कर रहे हैं और समय से पहले चुनाव की आशंका तक जता चुके हैं, जो दिखाता है कि पंजाब में मुकाबला भाजपा के लिए एक अलग ही रणनीति की मांग करता है।

ठीक इसी दौर में, जब भाजपा 2027 के चुनावों की जमीन तैयार कर रही है, नई दिल्ली में आयोजित 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीतिक साख को और मजबूत कर दिया है। भारत की



अध्यक्षता में हुए इस सम्मेलन में न्यू दिल्ली डिक्लेरेशन 2026 को सर्वसम्मति से अपनाया गया और यह इसलिए भी बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि इसमें आपस में गहरे मतभेद रखने वाले ईरान, सऊदी अरब और यूएई जैसे देश भी शामिल हैं। सबसे उल्लेखनीय रहा भारत का कूटनीतिक मध्यस्थता कौशल। ईरान जहां चाहता था कि घोषणा पत्र में अमेरिकी-इज़रायली हमलों और पश्चिमी प्रतिबंधों की स्पष्ट निंदा हो, वहीं यूएई की मांग थी कि खाड़ी क्षेत्र पर हुए ईरानी मिसाइल हमलों की भी निंदा शामिल की जाए यानी दोनों पक्षों की मांगें एक-दूसरे से पूरी तरह टकरा रही थीं। भारत ने रातभर, यानी सुबह चार बजे तक चली बातचीत के जरिए इन मतभेदों को दूर किया और एक ऐसा संतुलित साझा बयान तैयार करवाया जिसमें किसी देश का नाम लिए बिना हर तरह की आक्रामकता की निंदा की गई। इसके अलावा घोषणा पत्र में पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा, आतंकवाद के हर रूप के खिलाफ सख्त रुख, आतंकवाद को धर्म से न जोड़ने की बात, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता को रूस-चीन का समर्थन, और एकतरफा टैरिफ की निंदा जैसे मुद्दे भी शामिल रहे। रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मौजूदगी में हुआ यह सम्मेलन पीएम मोदी की वैश्विक नेतृत्व क्षमता को रेखांकित करता है।

राजनीतिक नजरिए से देखें तो ऐसे कूटनीतिक आयोजनों का असर सिर्फ अंतरराष्ट्रीय मंच तक सीमित नहीं रहता। भारत जैसे देश में जहां राष्ट्रवाद और वैश्विक नेतृत्व की छवि चुनावी विमर्श का अहम हिस्सा बन चुकी है, वहां ब्रिक्स जैसी सफलताएं मतदाताओं के बीच एक सकारात्मक और गर्व का संदेश देती हैं भारत अब सुनता नहीं, बल्कि दुनिया को सुनाता है यह नैरेटिव आने वाले विधानसभा चुनावों के प्रचार में भाजपा के लिए एक भावनात्मक जुड़ाव का औजार बन सकता हैं। लेकिन चुनावी राह इतनी आसान भी नहीं है। घरेलू मोर्चे पर जातीय राजनीति एक नया मोड़ लेती दिख रही है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर अगस्त 2026 से 'रिजर्वेशन रिफॉर्म आंदोलन' के नाम से सामान्य वर्ग और सवर्ण संगठनों का प्रदर्शन जारी है, जिसमें जनरल सेना, चाणक्य सेना और करणी सेना जैसे संगठन शामिल हुए हैं। यह आंदोलन यूजीसी के नए समानता (इक्विटी) नियमों के विरोध में भड़का, जिन्हें दलित-आदिवासी-ओबीसी संगठन जातिगत भेदभाव रोकने के लिए जरूरी मानते हैं, जबकि सवर्ण संगठन इसे अपने खिलाफ दुरुपयोग की आशंका के तौर पर देखते हैं।

भाजपा खेमे के कई नेताओं का यह भी दावा है कि विपक्षी दल 2027 के यूपी चुनाव से पहले जानबूझकर हिंदू वोटों को जातीय आधार पर बांटने की रणनीति पर काम कर रहे हैं ठीक वैसे ही जैसा दावा 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले भी किया गया था। हालांकि विपक्ष और सामाजिक न्याय से जुड़े संगठन इसे साजिश नहीं, बल्कि सामाजिक-आर्थिक असमानता और जातीय भेदभाव का एक वास्तविक और लंबित मुद्दा मानते हैं। यह बहस आने वाले महीनों में और तेज होने की पूरी संभावना है।कुल मिलाकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा 2027 के पांच राज्यों के चुनावी मैदान में दो बड़े हथियारों के साथ उतर रहे हैं एक तरफ 2024 के बाद मिली सिलसिलेवार चुनावी जीतों, खासकर बंगाल जैसे मुश्किल किले की फतह का आत्मविश्वास, और दूसरी तरफ ब्रिक्स जैसे वैश्विक मंच पर मिली कूटनीतिक कामयाबी का सकारात्मक और राष्ट्रवादी संदेश। लेकिन घरेलू मोर्चे पर सवर्ण-आरक्षण बहस, जातीय ध्रुवीकरण की कोशिशें और पंजाब जैसे राज्य में एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी की मौजूदगी ये सब मिलकर यह तय करेंगे कि क्या भाजपा अपनी इस जीत की यात्रा को अगले चरण में भी बरकरार रख पाती है, या विपक्ष इन्हीं मुद्दों के सहारे अपनी 2029 की राह को थोड़ा आसान बना पाता है। आने वाले महीनों में यह राजनीतिक संग्राम और तेज होना तय है।

मंथन


ज्ञानेन्द्र रावत



# आखिर कब समझेंगे हम हिमालय की पीड़ा

नेपाल त्रासदी ने हिमालय को, उसके मूल चरित्र को बूझने-समझने का हमें फिर एक अवसर प्रदान किया है, जबकि बीते दशकों की घटनाएं हमें बार-बार सचेत करती रही हैं। नेपाल में आई आपदा के खतरे की चेतावनी भी करीब 5 महीने पहले इंटरनेशनल सेंटर फार इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट ने मार्च 2026 में जारी रिपोर्ट के जरिए दी थी, लेकिन दुखद है कि बार-बार दी जा रही चेतावनियों को हम नजरंदाज करते रहे हैं। यह भी कि बीते दशकों की घटनाओं से हमने न तो कोई सबक सीखा और न उनसे निबटने की बाबत कोई कारगर प्रयास ही किए। नेपाल की घटना ने यह साफ कर दिया है कि इस इलाके में भूस्खलन और जलवायु जैसे जोखिम लगातार बढ़ रहे हैं। ग्लेशियर और ग्लेशियर झीलों के फटने का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन संस्था के कार्यकारी सचिव साइमन स्टील का कहना है कि जलवायु परिवर्तन से ऐसी आपदाओं की आशंका, आवृत्ति और घातकता काफी बढ़ जाती है। इसके साथ हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि पूरा हिमालयी अंचल अपनी बनावट और प्राकृतिक विशेषताओं के चलते स्वाभाविक रूप से आपदाओं के प्रति काफी संवेदनशील है। यह दुनिया की सबसे नई पर्वत श्रृंखला है, जिसकी चट्टानें और मिट्टी पूरी तरह जमी और कठोर नहीं है, जिसके कारण इस इलाके में मामूली हलचल से ही भू-स्खलन हो जाना आम बात है। यहां के पहाड़ और ढलान बहुत ही तेज, तीखे और सीधे हैं, जिसकी वजह से बर्फबारी या बारिश के दौरान पहाड़ी मिट्टी और चट्टानें तेजी से नीचे गिरती हैं। इससे ग्लेशियर फटने का खतरा हर समय बना रहता है। इसकी इसी खासियत और ऊंचाई की वजह से इस इलाके में बारिश भी खूब होती है जो बाढ़ का सबसे बड़ा कारण बनती है। इसका एक अहम कारण यह भी है कि इंडियन टैक्टोनिक प्लेट लगातार उत्तर की ओर खासकर यूरेनियम प्लेट से टकरा रही है जिसके निरंतर टकराव की वजह से भूमि के भीतर भारी तनाव पैदा होता है।हिमालयी अंचल मे घटती वन छतरी भी पहाड़ों के दरकने की अहम वजह है। अध्ययनकर्ता वैज्ञानिकों की मानें तो पेड़ों की कटाई, पहाड़ों पर बेतहाशा बढ़ता जा रहा निर्माण और जलवायु परिवर्तन वन छतरी घटने की प्रमुख वजह है। क्योंकि वन छतरी यानी पेड़ों की पत्तियों , टहनियों और शाखाओं से जमीन के ऊपर बनी प्राकृतिक परत बारिश की बूंदों की जमीन पर सीधी मार को कम करती है। इनके न होने से बारिश की बूंदों की सीधी मार जमीन पर गिरती है जिससे ढलान की मिट्टी में पानी और जल दबाव बढ़ जाता है। सदी के अंत तक कई हिमालयी इलाकों से बर्फ लगभग गायब हो सकती है। यह हिमालयी अंचल में तेजी से बदल रहे मौसम के मिजाज का सबूत है। मौसम में आ रहा यह बदलाव ग्लेशियरों के पिघलने की दर को गहराई से प्रभावित कर रहा है। इसके कारण हिमालयी क्रायोस्फीयर कहें या बर्फीला तंत्र पहले से अधिक संवेदनशील होता जा रहा है। नतीजतन हिमालयी ग्लेशियर तेजी से बर्बाद हो रहे हैं। हिमालय के तकरीबन 60 हजार से भी अधिक ग्लेशियर एशिया की दस बड़ी नदियों और सैकड़ों सहायक नदियों के स्रोत हैं। इन पर भारत, पाकिस्तान, नेपाल, चीन,भूटान, बांग्लादेश, हिंदचीन और मध्य ऐशिया के करीब दो अरब लोगों का जीवन यानी भोजन, पानी और ऊर्जा पर आधारित है। इन ग्लेशियरों का करीब-करीब तीन चौथाई हिस्सा समुद्र तल से मात्र 4500 से लेकर 6000 मीटर की ऊंचाई पर हैं। इसरो के सैटेलाइट अध्ययन के अनुसार 2431 बड़ी झीलें चिन्हित की गई हैं, जिनका आकार 10 हैक्टेयर से अधिक है। इनमें से 676 का आकार 27 फीसदी से भी अधिक बड़ा है। इनमें 130 सर्वाधिक संवेदनशील हैं। इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एण्ड टेक्नालॉजी आस्ट्रिया और वाडिया हिमालयन भूविज्ञान संस्थान के हालिया अध्ययन के अनुसार हिमालयी क्षेत्र में वर्तमान में 24,440 ग्लेशियर झीलें हैं जिनमें 221 बेहद संवेदनशील और खतरनाक हैं जो कभी भी बम की तरह फट सकती हैं। निष्कर्ष यह कि नेपाल की हालिया त्रासदी ने न केवल ग्लेशियरों की निगरानी पर ही सवाल खड़े नहीं किए हैं, उसने चेतावनी तंत्र पर भी सवाल खड़े किए हैं।

## धैर्य के साथ करें आत्ममूल्यांकन



संकलित

दर्शन

प्रकृति हमेशा एक मार्गदर्शक के रूप में हमें प्रेरित व उत्साहित करती रहती है। हर पेड़, पौधे, फूल, पत्ती का एक मौन संदेश हुआ करता है और वह है कि स्वयं को निरंतर गतिमान और संतुलित रखने के लिए धैर्य चाहिए। पेड़ों पर मंजरी या बौर आने के तुरंत बाद ही तो फल नहीं आ जाता। हौले-हौले ही यह प्रक्रिया सम्पन्न होती है। माटी, हवा और पानी से जिस तरह एक पौधा धीरज रखकर खुद को पुष्पित और पल्लवित करता है, हमें भी ऐसा ही जीवन दर्शन अपनाना चाहिए। महर्षि अरविंद अपने पास आने वाले जिज्ञासु को यह मंत्र देते थे कि मनुष्य अपने सारे जीवन का वास्तुकार स्वयं ही है। हम अपनी रुचि और सोच-विचार के हिसाब से दिनचर्या तय करते हैं। अपने तौर तरीके से दिन बिताते हैं। सब सामान्य रहता है, तो हम खुश रहते हैं। लेकिन इस दिनचर्या में कुछ जरा-सा भी कुछ अनचाहा हुआ नहीं कि हम सिर पीटने लगते है। हमारा धैर्य डोल जाता है। हमारी पसंद से बने हुए जीवन की हलचल और हिचकोले हमें विचलित कर देते हैं। हम गलती से भी आत्म अवलोकन नहीं करते। हम अपनी भूमिका न देखकर किसी और पर दोष मढ़ देते हैं। ऐसा प्रदर्शित करते हैं कि इस हालत के लिए उनके अलावा सब ही जिम्मेदार हैं। आरोप लगाने और खुद साफ बच जाने के इस पल में हम चतुराई से यह सच छिपा जाते हैं कि कर्म का नियम कुछ और ही है। कर्म का सिद्धांत यह साफ कहता है कि हमारे हर दुख कष्ट आदि के लिए हम ही जिम्मेदार हैं, कोई दूसरा नहीं।

## चंद्र देव को दक्ष ने दे दिया था शाप



संकलित

प्रेरणा

चंद्र और दक्ष प्रजापति से जुड़ी कथा है। दक्ष प्रजापति ने अपनी 27 पुत्रियों का विवाह चंद्र देव से किया था। दक्ष की सभी पुत्रियों में रोहिणी सबसे सुदर थी। इसी वजह से चंद्र रोहिणी से अधिक प्रेम करते थे और बाकी पत्नियों पर ध्यान नहीं देते थे। इस कारण दक्ष की शेष 26 पुत्रियों को रोहिणी से जलन होने लगी। इन 26 पुत्रियों ने ये बात अपने पिता प्रजापति दक्ष से कह दी। दक्ष ये सुनकर गुस्सा हो गए और उन्होंने चंद्र को धीरे-धीरे क्षीण होने यानी खत्म होने का शाप दे दिया। दक्ष के शाप से चंद्र देव धीरे-धीरे घटने लगा यानी खत्म होने लगे। चंद्र देव ने दक्ष के शाप का असर खत्म करने के लिए ब्रह्माजी से मदद मांगी। तब ब्रह्मा जी ने चंद्र को सलाह दी कि उन्हें प्रभास क्षेत्र (सोमनाथ का क्षेत्र) में शिव जी को प्रसन्न करने के लिए तप करो। शिव जी की कृपा से तुम्हारी समस्याएं दूर हो जाएंगी। ब्रह्मा जी की बात मानकर चंद्र ने प्रभाष क्षेत्र में शिवलिंग स्थापित किया और तपस्या शुरू कर दी। चंद्र के कठोर तप से प्रसन्न होकर शिव जी प्रकट हुए और दक्ष के शाप का असर कम करके अमर होने का वरदान दे दिया। दक्ष के शाप का असर कम होने से चंद्र कृष्ण पक्ष में क्षीण यानी खत्म होता है और शुक्ल पक्ष में चंद्र बढ़ने लगता है। पूर्णिमा को पूर्ण रूप हो जाता है। चंद्र देव ने शिव जी से प्रार्थना की थी कि वे प्रभाष क्षेत्र में ही वास करें। चंद्र देव की प्रार्थना मानकर भगवान ज्योति स्वरूप में प्रभाष क्षेत्र में विराजित हो गए। यहां चंद्र देव ने शिवलिंग स्थापित किया था, इसी वजह से इस शिवलिंग का नाम सोमनाथ पड़ा है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### हिंदी अपनाने में हर्ज क्या है?

14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को राजभाषा घोषित किया था। हिंदी का देश में विस्तार करने के लिए तब से हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। पहली बार यह दिवस 14 सितंबर 1953 को मनाया गया था। हिंदी 'कोई' भाषा नहीं, बल्कि हमारे देश की राजभाषा और राष्ट्रीय प्रतीक है। भारत में कई राज्य और कुछ केंद्र शासित प्रदेश हैं, इन सभी में लोग अपनी मातृभाषा का प्रयोग करते हैं। यह अच्छी बात है कि अपनी मातृभाषा का प्रयोग करना चाहिए, लेकिन देश की राजभाषा हिंदी को भी उतना ही सम्मान देना चाहिए जितना मातृभाषा को। आज हिंदी कुछ अंग्रेजी कारण तो कुछ स्थानीय भाषाओं के बीच पिस रही है। इस कारण आज आजादी के इतने सालों बाद भी हिंदी को वो उच्च स्थान नहीं मिल सका है जो मिलना चाहिए। हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में अपनाना होगा। *– राजेश तिवारी, भिलाई*

## ट्रेंड

### गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं



देशवासियों को गणेश चतुर्थी की अनंत शुभकामनाएं। विघ्नहर्ता के दर्शन और पूजन का यह पावन पर्व सबके जीवन में नई ऊर्जा और नए उत्साह का संचार करे। उनके दिव्य आशीर्वाद से सभी के प्रयास सफल हों। गणपति बाप्पा मोरया!
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भाषा कुंज का लोकार्पण



नवी मुंबई में छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में राजभाषा विभाग के 'राजभाषा कीर्ति' एवं 'राजभाषा गौरव' पुरस्कार वितरित किए। भारतीय बहुभाषी अनुवाद 'सारथी' मोबाइल एप व देश के पहले डेटा सेंटर 'भाषा कुंज' का लोकार्पण किया। -अमित शाह, गृहमंत्री

### खाने पर राजनीति



मुझे यकीन नहीं हो रहा कि कांग्रेस पार्टी ब्रिक्स देशों के नेताओं को परोसे गए खाने के मेन्यू पर भी राजनीति कर रही है। हमारे मेहमानों ने भारतीय शाकाहारी भोजन का आनंद लिया, जो स्वाद और पोषण से भरपूर था और जिसमें अलग-अलग क्षेत्रों की परंपराओं की झलक थी।
-किरेन रिजिजू, केंद्रीय मंत्री

### पसंद थोपती है भाजपा



भाजपा का लोगों पर पसंद थोपना पहले से ही समस्या है। दुनियाभर से आए गणमान्य लोगों पर भी अपनी पसंद थोपकर इसे एक कदम आगे बढ़ा दिया है। भारत एक समृद्ध, विविधतापूर्ण और कई व्यंजनों वाला देश है। यहां मांसाहारी व्यंजनों की भी कई बेहतरीन किस्में हैं, जिन्हें लोग पसंद करते हैं और बड़े चाव से खाते हैं। -पवन खेड़ा, कांग्रेस नेता

## करंट अफेयर

# लंदन में टेम्स नदी के तट पर पहली बार हुई गंगा आरती


लंदन में टेम्स नदी के तट पर रविवार को पहली बार गंगा आरती का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। 'टेम्स तट पर गंगा आरती : प्रकाश उत्सव' नाम से आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन 'चिन्मय मिशन यूके' ने 'टोटली टेम्स' के वार्षिक उत्सव के सहयोग से किया। यह आयोजन 'चिन्मय मिशन' की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में दुनियाभर में हो रहे कार्यक्रमों का हिस्सा था। भारत में गंगा के तट पर होने वाली प्रसिद्ध आरती की परंपरा से प्रेरित इस आयोजन की परिकल्पना प्रकृति, ज्ञान और चेतना के जीवनदायी प्रवाह के प्रतीक के रूप में की गई थी।



## ऑफ बीट

# आराम के समय हृदय गति की भी अपनी छिपी लय होती है

आपने संभवत: 'सर्केडियन रिदम' यानी शरीर की उस 24 घंटे की जैविक घड़ी के बारे में सुना होगा, जो हमारी नींद और जागने के चक्र को नियंत्रित करती है। लेकिन अब यह सामने आया है कि आराम की अवस्था में हृदय की गति भी ऐसी रहस्यमयी और लंबी अवधि वाली लय का अनुसरण करती है, जो बाहरी दुनिया से स्वतंत्र रूप से चलती है। आराम की अवस्था में हृदय गति से आशय उस समय प्रति मिनट दिल की धड़कनों की संख्या से है, जब व्यक्ति शांत और निष्क्रिय अवस्था में हो। यह माप तनाव, थकान और शारीरिक फिटनेस से जुड़ा होता है।



# रुपईडीहा में बिजली कटौती ने बढ़ाई मुश्किलें, ट्रॉली ट्रांसफार्मर बना सहारा


अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर

रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा से सटे नगर पंचायत रुपईडीहा में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतरती नजर आ रही है। भीषण गर्मी के बीच लगातार बिजली कटौती, बार-बार फाल्ट और खराब पड़े ट्रांसफार्मरों ने उपभोक्ताओं की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। नगर में करीब तीन ट्रांसफार्मर खराब पड़े होने से विद्युत व्यवस्था अतिरिक्त दबाव में चल रही है। विभाग ट्रॉली ट्रांसफार्मर के सहारे किसी तरह आपूर्ति बनाए रखने का प्रयास कर रहा है। नागरिकों का कहना है कि यदि ट्रॉली ट्रांसफार्मर ने भी जवाब दे दिया तो स्थिति और भयावह हो सकती है। स्थानीय लोगों के अनुसार धर्मशाला के पास, हनुमान सरोवर के निकट तथा केवलपुर मोड़ के पास लगे ट्रांसफार्मर खराब हैं। इनकी जगह वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में ट्रॉली ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। लेकिन स्थायी समाधान न होने से विद्युत आपूर्ति पर लगातार संकट बना हुआ है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि खराब ट्रांसफार्मरों को समय से दुरुस्त अथवा प्रतिस्थापित नहीं किए जाने के कारण समस्या लंबी खिंचती जा रही है।

### बिजली के साथ अधिकारियों की 'चुप्पी' भी बनी परेशानी

विद्युत आपूर्ति को लेकर उपभोक्ताओं की सबसे बड़ी शिकायत विभागीय अधिकारियों की जवाबदेही को लेकर है। लोगों का आरोप है कि समस्या की जानकारी लेने के लिए अवर अभियंता अजय कुमार से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया जाता है तो कई बार नंबर स्विच ऑफ मिलता है। घंटी जाने की स्थिति में भी फोन रिसीव नहीं होने की शिकायत है। इसी प्रकार एसडीओ नानपारा से भी विद्युत



आपूर्ति की स्थिति और खराब ट्रांसफार्मरों के संबंध में जानकारी लेने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। अधिशासी अभियंता नितिन कुमार से भी आपूर्ति संबंधी जानकारी लेने के लिए फोन किया गया, लेकिन घंटी जाती रही और फोन नहीं उठा। ऐसे में उपभोक्ताओं का सवाल है कि जब बिजली की समस्या का तत्काल समाधान नहीं हो रहा और जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क भी नहीं हो पा रहा तो आखिर अपनी शिकायत लेकर जनता जाए तो जाए कहां ?

### घंटों बाद आती है बिजली, फिर तारों पर टूट पड़ता है लोड

स्थानीय सभासदों का कहना है कि लंबे समय तक बिजली गुल रहने के बाद जब अचानक आपूर्ति बहाल होती है तो घरों में पंखे, कूलर, फ्रिज, पानी की मोटर सहित तमाम उपकरण एक साथ चालू हो जाते हैं। इससे पुराने और जर्जर विद्युत तारों पर अचानक भारी लोड पड़ता है। कई जगह तार गर्म होकर जलने और टूटकर गिरने लगते हैं। इसके बाद लाइन में फाल्ट होने से बिजली फिर गुल हो जाती है। सभासदों के अनुसार लाइनमैनों को इसके बाद गलियों और मोहल्लों में पिलास लेकर फाल्ट तलाशते और तारों की मरम्मत करते देखा जाता है। यानी घंटों इंतजार के बाद मिली बिजली भी उपभोक्ताओं को लगातार नहीं मिल पाती।

### सहाबा पावर हाउस से जुड़े कई फीडर, बड़ी आबादी प्रभावित

स्थानीय लोगों के अनुसार सहाबा पावर हाउस से कई फीडरों का संचालन होता है। किसी फीडर में तकनीकी खराबी आने पर उसका असर बड़े क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पर पड़ता है। लगातार कटौती के कारण रुपईडीहा और आसपास के क्षेत्रों की बड़ी आबादी भीषण गर्मी में परेशान है। बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली न रहने से पेयजल व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है।

भाजपा द्वारा नामित सभासद रतन अग्रवाल पार्वती वर्मा काली प्रसाद गुप्ता, सभासद राज कुमार गुप्ता, रजा इमाम रिजवी, मनोज प्रजापति, नरेंद्र मद्धेशिया, स्थानीय नागरिक रवि कुमार गुप्ता, शिव कुमार अग्रवाल, सन्तोष अग्रवाल, पवन विश्वकर्मा, देशराज वर्मा और ध्रुवराज वर्मा सहित अन्य नागरिकों ने विद्युत विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने खराब ट्रांसफार्मरों को तत्काल बदलने, जर्जर तारों को दुरुस्त करने, फीडरों की तकनीकी खामियों को दूर करने और विद्युत आपूर्ति की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही उनका कहना है कि उपभोक्ताओं की शिकायतों पर अधिकारियों को जवाबदेह बनाया जाए, ताकि सीमा क्षेत्र के इस महत्वपूर्ण नगर को लगातार बिजली संकट से राहत मिल सके।

## संक्षेप

### अनियंत्रित स्कूटी पलटी पति पत्नी घायल

अमन लेखनी समाचार

नवाबगंज, उन्नाव। कस्बे के टोल प्लाजा के पास मंगलवार सुबह एक स्कूटी अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में स्कूटी पर सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। कानपुर के रहने वाले मो. फारुख (45) अपनी पत्नी तासीन (40) के साथ स्कूटी से लखनऊ जा रहे थे। नवाबगंज टोल प्लाजा के पास अचानक उनकी स्कूटी बेकाबू होकर सड़क पर गिर गई।हादसे की सूचना मिलते ही एनएचएआई की एंबुलेंस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस ने दोनों घायलों को सीएचसी नवाबगंज पहुंचाया।जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### पुलिस ने चोरी का आरोपी गिरफ्तार किया

**स्कूल से चुराया गैस सिलेंडर गन्ने के खेत से बरामद, पहले भी दर्ज हैं मामले**

अमेठी , पीपरपुर में पुलिस ने चोरी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी में इस्तेमाल होने वाले कई औजार और एक गैस सिलेंडर बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान करम राज (28) के रूप में हुई है। वह पीपरपुर थाना क्षेत्र के हारीपुर बाजार तिराहा का रहने वाला है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह बाहर पड़े सामान और कबाड़ उठाता था, जिससे लोगों को लगता था कि वह कबाड़ बीनने का काम करता है। इसी दौरान उसने करीब 8-9 दिन पहले मादापुर स्कूल के रसोईघर का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर चोरी किया था।आरोपी ने बताया कि उसने सिलेंडर चुराने के बाद उसे गन्ने के खेत में छिपा दिया था।पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर गन्ने के खेत से चोरी का गैस सिलेंडर बरामद कर लिया है। पीपरपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' अभियान के तहत यह कार्रवाई की। आरोपी के पास से लोहे की हथौड़ी, छेनी, प्लास्टिक की बोतलें और ईंट पाथने का सांचा भी मिला है।पुलिस के मुताबिक, आरोपी करम राज का पहले भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ पीपरपुर थाने में पहले भी एक मामला दर्ज है।इस गिरफ्तारी और बरामदगी के संबंध में पीपरपुर पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### महिला सुरक्षा के लिए पुलिस का सख्त अभियान

**पिंक बूथ और मिशन शक्ति केंद्र सक्रिय, 3 माह में 45 शोहदे गिरफ्तार**

अमेठी ,महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस लगातार अभियान चला रही है। जिले में महिला शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई के लिए पिंक बूथ और मिशन शक्ति केंद्र बनाए गए हैं। पिछले तीन महीनों में महिला हेल्प डेस्क को मिली 564 शिकायतों में से 552 का निपटारा किया जा चुका है। महिला शिकायतों पर कार्रवाई के लिए महिला थाना के अलावा इन्हौना, मुंशीगंज और कमरौली थाना क्षेत्रों में पिंक बूथ बनाए गए हैं। इन बूथों पर 10 महिला पुलिसकर्मी तैनात हैं। इसके साथ ही, 18 मिशन शक्ति केंद्रों पर 68 महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है ।

# कैसरगंज में युवक की हत्या से सनसनी, हाईवे किनारे मिली लाश



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराईच। कैसरगंज थाना क्षेत्र के महमूद शाह बाबा, बरखुर द्वारापुर मेन रोड के किनारे मंगलवार को एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान जीवनलाल उर्फ बबलू पुत्र पुत्ती लाल निवासी ग्राम बरखुर द्वारापुर के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, युवक की हत्या कर शव को नेशनल हाईवे के किनारे फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही कैसरगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए जांच शुरू कर दी।पुलिस द्वारा मामले की जांच-पड़ताल एवं साक्ष्य संकलन की प्रक्रिया जारी है। घटना के कारणों और हत्या में शामिल लोगों का पता लगाने के लिए पुलिस छानबीन कर रही है। मौके पर फिलहाल शांति एवं कानून-व्यवस्था कायम है।

# संकुल बैठक में बीईओ ने शिक्षकों को समझाई जिम्मेदारी

## टीएलएम से शिक्षण को रोचक बनाने पर दिया जोर

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच।मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देश के क्रम में संकुल शिक्षक बैठकों का आयोजन हुआ।बैठक में शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार, निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन, स्टूडेंट हॉलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड पर मूल्यांकन कैसे करें, 10 पॉइंट टूल किट समेत विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।जरवल विकास खण्ड के बिराहिमपुर न्याय पंचायत स्थित उप्रा विद्यालय सोनबरसा में बैठक की अध्यक्षता बीईओ जरवल एबी सिंह ने की। उन्होंने मौजूद शिक्षकों से कहा कि शिक्षक संकुल बैठकों का आयोजन केवल औपचारिकता मात्र न रहे।इन्हें विद्यालयों की अकादमिक समस्याओं और बच्चों के सीखने के स्तर में आ रही व्यावहारिक चुनौतियों पर चर्चा का मंच बनाया जाये। केवल ब्लॉक के आंकड़े पूरे करने के बजाय कक्षाओं की वास्तविक स्थिति, बच्चों की उपस्थिति और अधिगम स्तर की बाधाओं को चिह्नित कर समाधान निकालें। एसआरजी सुधीर मेहरोत्रा ने प्राथमिक स्तर के प्रत्येक छात्र को भाषा और गणित की बुनियादी समझ में दक्ष बनाने के लिए शिक्षण रणनीतियों की विस्तार से जानकारी दी। वहीं लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर राहुल सिंह ने शिक्षण में टीचिंग लर्निंग मटेरियल के यथासम्भव





प्रयोग व बाल केंद्रित गतिविधियों को बढ़ावा देने की बात कही, एआरपी अभिषेक श्रीवास्तव ने शिक्षकों से प्रत्येक बच्चे की प्रगति का मूल्यांकन कर पीछे छूट रहे विद्यार्थियों पर कैच अप कैम्पेन द्वारा विशेष ध्यान देने को कहा। बैठक में शिक्षकों ने नवनियुक्त संकुल शिक्षक उमेश सिंह तथा विवेक अवस्थी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक का संचालन गौरव मिश्रा ने किया। बैठक के अंत मे प्रधानाध्यापक इस दौरान बिराहिमपुर नोडल शिक्षक, प्रधानाध्यापक मसीहुद्दीन शिक्षक- शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# मच्छर जनित बीमारियों से बचाव को नगर पंचायत रुपईडीहा में फागिंग

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रुपईडीहा में मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम को लेकर नगर पंचायत प्रशासन की ओर से फागिंग अभियान चलाया जा रहा है। नगर के विभिन्न वार्डों और मोहल्लों में फागिंग कर मच्छरों के प्रकोप को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य ने वर्तमान मौसम में मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों को देखते हुए नगर के वार्डों में नियमित फागिंग की व्यवस्था सुनिश्चित कराई है। फागिंग के माध्यम से मच्छरों के लार्वा एवं वयस्क मच्छरों की संख्या को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि नागरिकों को डेंगू, मलेरिया समेत अन्य मच्छर जनित बीमारियों से बचाया जा सके। नगर पंचायत की ओर से लोगों से अपील की गई है कि वे अपने घरों के आसपास पानी जमा न होने दें और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। साथ ही मच्छरों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतें। नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य




ने कहा कि नागरिकों के स्वास्थ्य और नगर की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए फागिंग का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। जरूरत के अनुसार नगर के अन्य वार्डों में भी फागिंग कराई जाएगी।

# दुःखद: सऊदी अरब में मजदूरी कर रहे श्रमिक का शव दो सप्ताह बाद पहुंचा गांव, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। थाना रुपईडीहा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चरदा निवासी एक श्रमिक की सऊदी अरब में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के करीब दो सप्ताह बाद उसका शव गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में मातम छा गया। अंतिम दर्शन के दौरान हर किसी की आंखें नम हो गईं।

बताया गया कि साबित राम सोनकर (45) पुत्र हरिराम, निवासी चरदा, पिछले करीब 10 वर्षों से सऊदी अरब में रहकर मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। करीब दो सप्ताह पूर्व सऊदी अरब में उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मौत की सूचना जैसे ही परिजनों को मिली, परिवार में चीख-



पुकार मच गई।

कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद करीब दो सप्ताह पश्चात मृतक का शव सऊदी अरब से उनके पैतृक गांव चरदा पहुंचा। शव देखते ही परिजन फफक पड़े। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल रहा, वहीं मृतक के अंतिम दर्शन के लिए ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

साबित राम सोनकर की मौत से परिवार के सामने दुख के साथ-साथ रोजी-रोटी का संकट भी खड़ा हो गया है। मृतक अपने पीछे सीता देवी 42 वर्षीय लव कुश 20 वर्षीय सरोज 15 वर्षीय इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।

# रुपईडीहा में प्रस्तावित पावर हाउस का निर्माण अधर में, विकास कार्यों पर उठे सवाल

**विद्युत विभाग के अधिकारी–कर्मचारी नहीं दे रहे ध्यान**

**नगर पंचायत अध्यक्ष के आश्वासन के बाद भी आगे नहीं बढ़ी प्रक्रिया**

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर

रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा से सटे नगर पंचायत रुपईडीहा में विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से प्रस्तावित पावर हाउस का निर्माण कार्य लंबे समय से अधर में पड़ा हुआ है। नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा विद्युत विभाग को पावर हाउस निर्माण के लिए आवश्यक जगह उपलब्ध कराने का आश्वासन दिए जाने के बावजूद अब तक निर्माण



की दिशा में ठोस पहल नहीं दिखाई दे रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रुपईडीहा में आए दिन विद्युत आपूर्ति को लेकर समस्याएं सामने आती रहती हैं। भीषण गर्मी में घंटों बिजली कटौती और विद्युत व्यवस्था में लगातार आ रही तकनीकी समस्याओं के बीच यदि नया पावर हाउस स्थापित हो जाता है तो क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार की उम्मीद बढ़ सकती है। इसके बावजूद संबंधित विभाग द्वारा इस महत्वपूर्ण कार्य को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है।

नगरवासियों का आरोप है कि नगर पंचायत रुपईडीहा के कई विकास कार्य लंबे समय से प्रभावित हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर विकास कार्यों में आ रही रुकावट की वजह क्या है और जिम्मेदार अधिकारी इस दिशा में प्रभावी कदम क्यों नहीं उठा रहे हैं। लोगों का कहना है कि नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को भी विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करना चाहिए। यदि किसी कार्य में विभागीय स्तर पर कोई अड़चन है तो उसे दूर कराने के लिए पहल की जानी चाहिए, ताकि नगर के विकास कार्य अनावश्यक रूप से लंबित न रहें।

नगरवासियों ने जिलाधिकारी एवं संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर प्रस्तावित पावर हाउस के निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू कराने तथा नगर पंचायत में लंबित अन्य विकास कार्यों की भी समीक्षा कराने की मांग की है।

# कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र में 15वां तेंदुआ पिंजरे में कैद

## नगर पंचायत मिहींपुरवा के आबादी क्षेत्र से पकड़ा गया तेंदुआ

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच।कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र के अंतर्गत रेंज मोतीपुर के नगर पंचायत मिहींपुरवा के वार्ड नंबर 6 चिक मंडी सिंचाई कालोनी तथा आबादी के क्षेत्र में एक महीने से तेंदुआ लगातार दिखाई दे रहा था जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था नगर वासियों ने इसकी शिकायत वन विभाग से करते हुए पिंजरा लगाकर तेंदुआ पकड़ने की मांग की थी। वन विभाग ने पिंजरा



लगाया मंगलवार सुबह तड़के वन विभाग के पिंजरे में तेंदुआ कैद हो गया। वन कर्मियों की सूचना पर डिप्टी रेंजर सत्य प्रकाश वर्मा ने मौके पर पहुंचकर पिंजरे को कब्जे में लिया और रेंज कार्यालय ले आए। तेंदुआ पकड़े जाने के बाद वन विभाग व नगर वासियों ने राहत की सांस ली है लेकिन कुछ नगर वासियों का कहना है कि अभी भी क्षेत्र में दो और तेंदुए है जिन्हें पकड़ने की जरूरत है ।वही वन विभाग ने लोगों को सतर्क रहने को कहा है ।डीएफओ अपूर्व दीक्षित ने बताया कि पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ नर है उसका वजन 55 किलो है उम्र लगभग दस वर्ष है। उन्होंने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशन के बाद तेंदुए को प्राकृतिक वास में छोड़ा जाएगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव



अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। रूपईडीहा कोतवाली क्षेत्र के बाबागंज चौकी अंतर्गत बाबागंज रेलवे स्टेशन के पश्चिम एक बाग में एक संदिग्ध शव पेड़ से लटकने की सूचना पाकर थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार मिश्रा और बाबागंज चौकी प्रभारी मानवेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर पुलिस और फॉरेनसिक टीम नें पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। चौकी प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया घटना दोपहर के समय की प्रतीत होती है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। मृतक की पहचान रामानन्द पुत्र अज्ञात निवासी कमलजोत शंकरपुर बहराइच उम्र लगभग 27 वर्ष के रूप में हुई है। मृतक के पास आधार, बहराइच से बाबागंज का टिकट मिलने की भी जानकारी मिली है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है ।पुलिस नें शव कों पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मौके पर आरक्षी धनु कुमार, अर्जुन मौर्य, शमसेर अहमद मौजूद रहे।

# दुकान पर समान लेने गए युवक को जमकर पीटा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में रविवार की रात दुकान पर सामान लेने गए युवक का दुकानदार से रुपयों को लेकर बिवाद हो गया जिससे वह गाली-गलौज करने लगा विरोध किया तो अपने बेटों के साथ मिलकर लात घूसों से पिटाई करने लगा शोरगुल मचा तो पत्नी व बेटी बचाने पहुंची तो उनके साथ भी मारपीट की जिससे तीनों गभींर रुप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया पीडित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के मोलवी खेडा गांव निवासी नंदलाल पुत्र सूबेदार राजपूत ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि रविवार की रात गांव निवासी चंद्रशेखर की दुकान पर कोल्ड ड्रिंक और सामान लेने गया था जहां पैसों को लेकर बिवाद हो गया जिस पर चंद्रशेखर अपने बेटों मलेटरी, जेन्स, आकाश के साथ मिलकर गाली गलौज करने लगा और अपने दरवाजे पर गिरा कर लात घूसों और डंडे से हमला कर दिया बचाने पहुंची पत्नी राम बेटी और पुत्री काजल के साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि पीडित की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## मैजिक चालकों ने बस के परिचालक को जमकर पीटा

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर सोमवार की शाम रास्ते में प्राइवेट बस पर सवारियां बिठाने से नाराज मैजिक चालकों ने बस परिचालक को पीट-पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया गया है। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के पियारे खेड़ा हाल पता अतरधनी कोतवाली बांगरमऊ निवासी मोहम्मद रफी 35 पुत्र नफीस जोकि लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर चलने वाली प्राइवेट बस पर परिचालक है सोमवार की शाम लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर स्थित गांव अच्छेपुर किरमिली मोड़ के पास बस में सवारियां बिठा रहा था तभी बाबा खेड़ा गांव निवासी मैजिक चालक कौशल व जयदीप यादव पुत्रगण अज्ञात व संजय पुत्र अज्ञात अन्य अज्ञात साथियों के साथ मिलकर मोहम्मद रफी को लाठी-डंडे से पीट-पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया मंगलवार पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकद्दमा दर्ज कर पीड़ित को मेडिकल परीक्षण हेतु मियागंज सीएचसी भेज दिया इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि पीडित की तहरीर पर तीन नामित और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## संक्षेप

### होमगार्ड भर्ती के लिए दौड़ लगा रहे 10 अभ्यर्थी बेहोश

**रायबरेली में चक्कर खाकर मैदान में गिरे, सुबह 8 बजे से लाइन में लगे थे**

रायबरेली ,होमगार्ड भर्ती के लिए दौड़ लगा रहे 10 अभ्यर्थियों की तबीयत बिगड़ गई। सभी प्रतापगढ़ जिले से आए थे। दौड़ते समय अचानक चक्कर आने और कमजोरी महसूस होने पर अभ्यर्थी मैदान में बेहोश होकर गिरने लगे। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें उठाकर छांव में भिजवाया। मेडिकल टीम ने शुरूआती इलाज देकर सभी को तुरंत जिला अस्पताल भेजा। यहां सभी का इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि 50-50 अभ्यर्थियों को एक बार में दौड़ाया जा रहा था। सुबह से वे लोग आकर बैठ गए थे। गर्मी और उमस के कारण दौड़ते समय उनकी तबीयत बिगड़ी। लिखित परीक्षा पास करने वालों का फिजिकल टेस्ट हो रहा होमगार्ड भर्ती परीक्षा के लिखित परीक्षा में पास होने वाले अभ्यर्थियों का फिजिकल टेस्ट कराया जा रहा है। रायबरेली के पीएसी मैदान में मंगलवार को उनकी दौड़ हुई। इसमें शामिल होने प्रतापगढ़, उन्नाव और सुल्तानपुर के लड़के रायबरेली आए थे।6 बैच में से 3 की हो चुकी थी दौड़6 बैच में 300 अभ्यर्थियों को फिजिकल टेस्ट देना है। मंगलवार सुबह 8 बजे से सभी अभ्यर्थियों ने मैदान में एंट्री ली। 10 बजे से टेस्ट शुरू हो गया। 3 बैच के अभ्यर्थियों की रेस पूरी हो चुकी थी। चौथे बैच की रेस करीब 12 बजे शुरू हुई। अभ्यर्थियों ने दौड़ने से पहले शरीर हल्का रखने के लिए कुछ खाया नहीं था।

### पारिवारिक कलह में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**रायबरेली में पत्नी ने पुलिस को बताया, फंदे से लटका मिला शव**

रायबरेली , डीह थाना क्षेत्र के पूरे मकंदी बारा गांव में रविवार रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया। सूचना मिलने पर सोमवार सुबह पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस को दी गई जानकारी के मुताबिक, मृतक की पत्नी सीमा ने बताया कि 13 सितंबर की रात करीब 11 बजे उनके पति प्रेमचंद्र (24) ने अपने कमरे में पंखे से फंदा लगा लिया था। परिजनों ने उन्हें नीचे उतारा, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक प्रेमचंद्र ने 3 साल पहले प्रेम विवाह किया था। शादी के एक साल तक पति-पत्नी के बीच कोई विवाद नहीं था। इसके बाद धीरे-धीरे पारिवारिक नोकझोंक शुरू हो गई। यह विवाद कई बार इतना बढ़ गया कि गांव के लोगों ने पति और पत्नी को बैठाकर समझाया और मामला शांत कराया। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि प्रेमचंद्र ने पारिवारिक कलह के चलते ही फांसी लगाई थी। विवाह के एक साल के अंदर प्रेमचंद्र को एक बेटी हुई, जिसका नाम जानवी रखा गया। इस घटना से पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों का बुरा हाल है।पुलिस इस मामले की आगे जांच कर रही है। मामले को लेकर थाना अध्यक्ष डीह मोहन सरोज ने बताया कि प्रथम दृष्टिया मामले की जांच करने के दौरान पारिवारिक विवाद के चलते युवक ने आत्महत्या की है बाकी पुलिस अन्य पहलुओं पर भी अभी जांच कर रही है।

# कोर्ट में अधिवक्ता से बोले- अगली बार सिर में गोली मारेंगे

**प्रयागराज में शर्ट उठाकर असलहा दिखाया, पिछले साल पेट में मारी थी; एफआईआर**

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज , जिला अदालत परिसर में मुकदमे की पैरवी करने पहुंचे अधिवक्ता मान सिंह को दो लोगों ने धमकाया।

धक्का देकर कहा कि मुकदमे में समझौता नहीं किया तो अगली बार सिर में गोली मार देंगे। वकील के मुताबिक उनमे से एक ने शर्ट उठाकर असलहा भी दिखाया।

आरोपियों ने पिछले साल अधिवक्ता के पेट में गोली मारी थी। अब उसी केस में समझौता करने का दबाव बना रहे हैं। दोनों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है।



### फाइल देखने गए थे, तभी दोनों ने घेरा

मऊआइमा के किगिरिया का पूरा निवासी अधिवक्ता मान सिंह के मुताबिक घटना 9 सितंबर की है। दोपहर करीब 12:30 बजे वो अपने मुकदमे की पैरवी के लिए जिला न्यायालय पहुंचे थे। तीसरी मंजिल पर एसीजेएम कक्ष संख्या-9 के कार्यालय में अपनी फाइल देखने गए थे। इसी दौरान मऊआइमा के किगिरिया का पूरा निवासी अनिल कुमार यादव और नया पूरा निवासी मुकेश कुमार वहां पहुंच गए।उनके मुताबिक, दोनों ने उन्हें धक्का दिया और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि दोनों ने मुकदमे में समझौता करने का दबाव बनाया।

### इस बार हेलमेट नहीं बचाएगा

अधिवक्ता का आरोप है कि दोनों ने पिछली घटना का जिक्र करते हुए कहा कि पहले भी गोली मारी थी, लेकिन कम छेद हुए थे, इसलिए बच गए। अगर जान की सलामती चाहते हो तो मुकदमे में समझौता कर लो। इसके बाद दोनों ने धमकी दी कि अगर समझौता नहीं किया तो अगली बार सिर में गोली मार देंगे। अधिवक्ता के मुताबिक, आरोपियों ने यह भी कहा कि पिछली बार हेलमेट की वजह से बच गए थे।

# भाजपा के मंडल अध्यक्ष बोले-मेरे भाई को फंसाया जा रहा

**वीडियो जारी किया, ब्राह्मण समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला**

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज ,ब्राह्मण समाज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में नामजद शिवाकांत वर्मा के बचाव में उनके भाई और भाजपा मुट्ठीगंज मंडल अध्यक्ष परमानंद वर्मा ने वीडियो जारी किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुराने जमीन और मारपीट के विवाद की रंजिश में उनके भाई को साजिश के तहत फंसाया गया। परमानंद वर्मा का कहना है कि उनके बड़े भाई का एक व्यक्ति से जमीन को लेकर करीब 30 लाख रुपए का विवाद चल रहा था। उनका आरोप है कि इसी विवाद के चलते उनके भाई के खिलाफ साजिश रची गई।

### होटल में बातचीत के दौरान बनाया वीडियो

परमानंद के मुताबिक, पिछले दिनों एक होटल में रुपए के लेनदेन को लेकर बातचीत हो रही थी। वहां कीडगंज निवासी फरहान हुसैन भी मौजूद था। उनका आरोप है कि फरहान ने उनके भाई को उकसाया। इसके बाद उनके भाई ने उस व्यक्ति को लेकर कुछ टिप्पणी की, जो अपने नाम के आगे ह्यपंडितह्न टाइटल लगाता है। परमानंद का दावा है कि इसी दौरान वीडियो बना लिया गया। बाद में वीडियो को कथित तौर पर अलग संदर्भ में सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया गया। हालांकि, इन दावों की पुलिस ने अभी पुष्टि नहीं की है।



### मारपीट और चेन छीनने का भी आरोप

परमानंद ने आरोप लगाया कि जिन लोगों ने उनके भाई के खिलाफ साजिश रची, उन्होंने पिछले दिनों उनके साथ मारपीट कर सोने की चेन भी छीन ली थी। उनका कहना है कि इस मामले में सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था।

# जहरीले सर्प ने पिता पुत्र को बनाया शिकार हालत गंभीर




अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के खखरेरू थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बे के रामनगर मोहल्ला निवासी सुनील तिवारी तथा उसके पुत्र अंशू तिवारी के साथ विगत दिवस भोर पहर सर्पदंश का एक बड़ा हादसा हुआ मिली जानकारी के अनुसार 35 वर्षीय पिता सुनील तथा 10 वर्षीय बेटा अंशू तिवारी गहरी नींद में सोए हुए थे जहां भोर पहर सूर्योदय से पहले लगभग 4 बजे छत से एक जहरीला सर्प बिस्तर पर आ गिरा वहीं सर्प ने सबसे पहले बेटे अंशू को अपना शिकार बनाया बेटे के हाथ में सर्प ने वार कर दिया वहीं दर्द से कराहते हुए बेटे ने अपने हाथ को तेजी से झटका तो सर्प पिता सुनील के ऊपर आ गया और दूसरा वार पिता सुनील के ऊपर कर दिया सर्पदंश से घायल सुनील तिवारी ने शोर मचाया जहां आवाज सुनकर घर के अन्य सदस्य दौड़कर आए तथा जल्दी से पिता पुत्र को जिला अस्पताल फतेहपुर ले गए हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करते हुए दोनों को मेडिकल कॉलेज फतेहपुर के लिए रेफर किया वहीं मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने बताया कि दोनों का उपचार जारी है जहां पिता सुनील की हालत में काफी सुधार है वही बेटा अंशू अभी खतरे के बाहर नहीं हालत गंभीर होने के कारण बेटे को आईसीयू में भर्ती करते हुए चिकित्सकों ने कड़ी निगरानी में उपचार प्रारंभ कर रखा है

# दहेज के लोभियों ने महिला के साथ की बर्बरता मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव किशुनपुर कपिली निवासी ग्रामीण सुधीर सिंह ने नजदीकी थाना जहानाबाद में लिखित तहरीर देते हुए बीमार बहन पूनम के लिए न्याय की गुहार लगाई पीड़ित ने बताया कि उसकी बहन का विवाह विगत 6 माह पहले 7 मार्च को धर्मेंद्र कुमार निवासी ग्राम पसेंवा थाना साढ़ जनपद कानपुर नगर के साथ हुई थी पीड़ित ने बताया कि विवाह के समय अपनी सामर्थ्य के अनुसार लड़की पक्ष ने उपहार स्वरूप अनेक वस्तुएं दान की थी वही विवाह के पश्चात ससुराली जन मोटरसाइकिल तथा 500000 रुपए अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे जहां बहन पूनम को मायके पक्ष से दहेज लाने के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा इस प्रताड़ना से बेटी पूनम गंभीर रूप से बीमार हो गई जहां ससुराल वालों ने उसका उपचार भी नहीं कराया मायके पक्ष की स्थिति अत्यंत कमजोर थी जिसे भी पूनम ने अपने ससुरारी जनों को बताया इसके बाद भी एक कमरे में कैद करते हुए नव विवाहिता के साथ ससुरालीजनों ने बर्बरता की वही विगत महीने 15 अगस्त को प्रातः काल भोर पहर पति तथा परिजनों ने पूनम के साथ जमकर मारपीट की और घर से निकाल दिया रोती बिलखती लड़की अपने मायके पहुंची तथा अपने भाइयों से पूरी कहानी बताई वही वातार्लाप करने पर पति तथा ससुराली जनों ने तलाक देने की धमकी दे डाली जिससे आहत होकर पीड़िता के भाई ने नजदीकी थाने में तहरीर दी वहीं थाना प्रभारी योगेश कुमार ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4 तथा 3 के तहत पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई की




# कलियुगी बेटे ने रिश्तों को किया तार तार बेरहमी से की मां की पिटाई



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद की खखरेरू थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में कलयुगी बेटे ने अपनी सगी मां को मारपीट कर जख्मी कर दिया थाना क्षेत्र के तेंदुआ गांव निवासी पीडिता मां श्याम दुलारी ने नजदीकी थाने में लिखित तहरीर देते हुए जानकारी दी कि उसका बेटा नशे का आदी हो गया था लाख मना करने के बाद भी निरंतर नशा करता रहा वहीं बिगत दिवस शाम समय नशे में धुत बेटा संतोष घर आया और मां पर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से वारदात कर दी मारपीट के दौरान पीड़िता मां को शरीर के अंग हाथ कमर इत्यादि में गंभीर चोट पहुंची वही धमकी देते हुए बेटे ने किसी भी प्रकार की कार्रवाई न करने की हिदायत दी पीड़िता की तहरीर स्वीकार करते हुए थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह ने कलयुगी बेटे संतोष कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी की खोजबीन प्रारंभ की

# ज्वेलरी शॉप से चोरी करने वाले हसबैंड-वाइफ गिरफ्तार

**कैमरे से पहचान हुई, पति बोला-पत्नी को अंगूठी गिफ्ट दिया था**

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर ,गोरखपुर के रामगढ़ताल थाना क्षेत्र में ज्वेलरी शॉप से अंगूठी चोरी करने वाले महिला-पुरुष पति-पत्नी निकले। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे से पहचान कर दोनों आरोपियों को सोमवार शाम गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से सराफा कारोबारी की ज्वेलरी शॉप से चोरी गई करीब 60 हजार की 2 अंगूठी और घटना में इस्तेमाल की गई पल्सर बाइक भी बरामद हुई है।आरोपियों की पहचान मऊ जिले के घोसी थाना क्षेत्र के खटकाना कस्बा निवासी दीपक सोनकर और उसकी पत्नी मीरा सोनकर के रूप में हुई।पूछताछ में पति ने बताया- तीज त्योहार में पत्नी को अंगूठी दिलाने का वादा किया था, इसलिए चोरी की। पत्नी बोली- त्योहार में पहनने के लिए अंगूठी चोरी की, पहन भी नहीं पाई। दोनों का बयान लेने के बाद पुलिस ने जब, उनकी क्राइम हिस्ट्री चेक कराई तो पता चला कि दोनों पर पहले से कई चोरी के मुकदमें दर्ज हैं।ज्वेलरी शॉप को निशाना बनाते हैं पति-पत्नी रामगढ़ताल थाना प्रभारी श्यामा नंद राय ने बताया- पति-पत्नी शातिर चोर हैं। इसमे पति दीपक के खिलाफ 8 और पत्नी के खिलाफ 3 मुकदमें मऊ, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़ और गोरखपुर जिले में दर्ज हैं। दोनों की शादी करीब 15 साल पहले हुई थी। बच्चे नहीं हैं। अपना शौक पूरा करने के लिए दोनों ज्वेलरी शॉप में ग्राहक बनकर जाते हैं। वहां सराफा को चकमा देकर सोने, चांदी का आभूषण चोरी कर लेते हैं।ज्वेलरी शॉप में 6 सितंबर को हुई थी घटनागोरखपुर के रामगढ़ताल में 6 सितंबर को ज्वैलरी शॉप से महिला 2 सोने की अंगूठी लेकर भाग गई। वारदात का वीडियो भी सामने आया है। इसमें पल्सर सवार युवक के साथ महिला आई और सरार्फा व्यापारी को अपनी बातों में उलझाती रही। बोली-मुझे सोने का लॉकेट दिखाओ। एक के बाद एक करके अंगूठी और लॉकेट देखने लगी।मोबाइल पर बात करने का बहाना बनाकर पहले पल्सर सवार युवक बाहर निकला। इसके बाद महिला ने दुकानदार से कहा- थोड़ी देर में आती हूं और निकल गई। व्यापारी ने जब ज्वैलरी का मिलान किया तो दो अंगूठी कम मिली। पीड़ित दुकानदार ने आजाद नगर चौकी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।खिरवानिया चौराहे पर है शॉप मामला कटरा खिरवानिया चौराहे पर स्थित रामवचन ज्वेलर्स दुकान का है।




# दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में एग्जाम पैटर्न बदलने से छात्र नाराज

**वीसी ऑफिस के सामने किया हंगामा, बोले- नए सेशन से लागू हो बदलाव**

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर ,दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में एग्जाम पैटर्न में हुए बदलाव को लेकर छात्रों में नाराजगी है। मंगलवार को बीए, बीएससी और बीकॉम पांचववें सेमेस्टर के लगभग 50 से अधिक छात्र एडी बिल्डिंग स्थित वीसी ऑफिस पहुंच कर नारेबाजी करने लगे। बातचीत में उन्होंने बताया कि पिछले स चार सेमेस्टर से हमने टउद पैटर्न में एग्जाम दिया है।इसीलिए उसी हिसाब से नोट्स बनाए हैं और अचानक पांचवें सेमेस्टर में डिस्क्रिप्टिव पेपर देने के नोटिस आ गया।इसलिए हमें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।समझ नहीं आ रहा है कि कैसे पढ़ाई करें। साथ ही लिखने की आदत भी छूट गई है।ऐसे में मिड सेशन में बदलाव से हमारा रिजल्ट बिगड़ सकता है। छात्रों से तुरंत मिले प्रॉक्टर हंगामा देखकर विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर प्रोफेसर वीसी मिश्रा छात्रों से बात करने पहुंचे। उन्होंने तुरंत एग्जाम कंट्रोलर को फोन करके पूरी जानकारी ली और बताया कि यह निर्णय परीक्षा समिति की ओर से लिया गया है।समिति का कहना है कि तैयारी में बाधा न आए इसके लिए 6 महीने पहले ही यानी सेमेस्टर शुरू होने से पहले ही सूचना दे दी गई है। हालांकि उन्होंने छात्रों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगें कुलपति तक पहुंचाई जाएगी।वीसी कुछ छात्रों को बातचीत करने के लिए बुलाया प्रॉक्टर ने छात्रों का एप्लीकेशन लेकर तुरंत श्उ तक पहुंचाया और तत्काल प्रभाव से कुछ छात्र को बातचीत करने के लिए अंदर भी बुलाया गया। करीब 10 मिनट तक उन्होंने वार्ता की।छात्र हित में होगा फैसला- कुलपति छात्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले अतुल यादव ने बताया कि कुलपति ने हमारी बात गंभीरता से सुनी। उन्होंने 3 से 4 दिन का समय मांगा है। बोले हैं कि पूरी बात को समझ कर छात्र हित में ही फैसला लिया जाएगा।



# पिता के सामने हाईटेंशन लाइन से चिपका बेटा, मौत

**12वीं कक्षा में पढ़ता था, मिक्सर मशीन पर चढ़ते ही हुआ हादसा**

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर ,मंगलवार शाम 4 बजे पिता के सामने हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक बेटे की मौत हो गई। मृतक की पहचान 18 साल के मानवेंद्र के रूप में हुई है। मानवेंद्र अपने पिता के साथ पुवायां क्षेत्र में मजदूरी करने आया था। मिक्सर मशीन पर चढ़ते ही वह ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया और जमीन पर गिर गया। पिता तुरंत बेटे को बाइक पर बैठाकर अस्पताल लाए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मानवेंद्र 12वीं कक्षा में पढ़ता था और पढ़ाई के साथ-साथ पिता का हाथ बंटाने के लिए मजदूरी भी करता था। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गएमानवेंद्र सिंधौली थाना क्षेत्र के सिसैया गांव का रहने वाला था। वह मंगलवार सुबह अपने पिता भानू प्रताप के साथ पुवायां थाना क्षेत्र के लखनापुर गांव में लिंटर डालने गया था। वहां अन्य मजदूर भी काम कर रहे थे। लिंटर के लिए मसाला बनाने को मिक्सर मशीन मंगाई गई थी।मानवेंद्र किसी काम से मिक्सर मशीन पर चढ़ा और ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया।

# बाइक टकराने पर युवक को पीटा

**कार सवारों ने की मारपीट, बैग से 1 लाख रुपए, सोने की चेन गायब होने का आरोप**

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर ,निगोही थाना क्षेत्र में सोमवार रात करीब साढ़े 7 बजे कार बैक करने के दौरान बाइक से टकराने के बाद विवाद हो गया। आरोप है कि कार सवार लोगों ने बाइक सवार युवक को पहले पेट्रोल पंप पर पीटा। उसे सड़क पर ले जाकर दोबारा मारपीट की। घटना का वीडियो मंगलवार को सामने आया है। पीड़ित ने बैग से मोबाइल, 1 लाख रुपए नकद और सोने की चेन गायब होने का भी आरोप लगाया है।



### बाइक से कार टकराने के बाद शुरू हुआ विवाद

मोहल्ला गांधी नगर निवासी अरविंद पाल कुशवाहा सोमवार रात पेट्रोल पंप पर बाइक में पेट्रोल डलवाने के बाद पान की दुकान पर खड़ा था। इसी दौरान एक कार पीछे करते समय उसकी बाइक से टकरा गई। इसके बाद कार सवार लोगों ने युवक के साथ मारपीट शुरू कर दी।

### पेट्रोल पंप पर पीटा, फिर सड़क पर ले गए

आरोप है कि कार सवारों ने युवक को पेट्रोल पंप पर बुरी तरह पीटा। इसके बाद उसे उठाकर सड़क पर ले गए, जहां दोबारा मारपीट की गई। पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में मारपीट की पूरी घटना कैद हो गई।पीड़ित के पिता सोमपाल सिंह कुशवाहा की ओर से दर्ज कराई गई ऋकफ में आरोप लगाया गया है कि अरविंद के बैग में मोबाइल फोन, 1 लाख रुपए नकद और सोने की चेन रखी थी।

# रसोइये को जहां से हटाया, वहीं दबकर शिक्षामित्र की मौत

**शाहजहांपुर में जर्जर स्कूल की बीम गिरी, बच्चे इसी जगह खाना खाते थे**

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर ,मंगलवार दोपहर जर्जर स्कूल की बीम गिरने से शिक्षामित्र की दबकर मौत हो गई। वह मलबे में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मजदूर और ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकाला और चारपाई पर लिटाकर गाड़ी तक पहुंचाया। खून से लथपथ शिक्षामित्र को बरेली के अस्पताल ले जाया गया। यहां दोपहर करीब 2 बजे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे से 5 मिनट पहले ही शिक्षामित्र ने रसोइए को उस जगह से हटाया था। घटना गढ़िया रंगीन क्षेत्र की है। वहीं स्कूल के तोड़े जाने का ठेका भी शिक्षामित्र ने ही ले रखा था।

### रसोइया को हटने के लिए कहा, 5 मिनट बाद हादसा

सुखपाल कश्यप (45) धुबला करीमनगर गांव के रहने वाले थे। वह 9 साल से कुबेर गौटिया स्थित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र थे। परिवार में पत्नी शीला देवी के अलावा 4 बेटे और 3 बेटियां हैं। मंगलवार दोपहर 12 बजे स्कूल के जर्जर भवन को तोड़ने का काम चल रहा था। इंटरवल के दौरान सुखपाल जर्जर भवन को देखने पहुंचे थे। भवन के गेट के पास रसोइया बैठी थीं। सुखपाल ने उन्हें वहां से दूसरी जगह बैठने के लिए कहा, क्योंकि मलबा गिरने का खतरा था। रसोइया के वहां से हटने के करीब 5 मिनट बाद सुखपाल भवन के अंदर गए। इसी दौरान अचानक एक बड़ा बीम उनके ऊपर गिर गया। वह बीम के नीचे दब गए। हादसा होते ही चीख-पुकार मच गई।



# ससुराल आए युवक की संदिग्ध मौत, शव रखकर सड़क जाम

**परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज; गिरफ्तारी के आश्वासन पर खुला जाम**

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। बेहंदर के कासिमपुर थाना क्षेत्र के रामपुर भटौली गांव में ससुराल आए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद परिजनों ने संडीला-बांगरमऊ मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। परिजन घटना में नामजद आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। करीब आधे घंटे तक सड़क पर यातायात बाधित रहा। गुलाबी खेड़ा गांव निवासी टीकाराम के बेटे रामदीन 13 सितंबर की शाम करीब छह बजे अपनी पत्नी आशा को लेने उसकी ससुराल रामपुर भटौली, सतावन कुटी पहुंचे थे। मृतक के भाई की ओर से दी गई तहरीर के अनुसार, रात करीब 11 बजे रामदीन की पत्नी आशा, उसकी बहन कुसमा, बिटान और लल्लू ने उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान लाठी-डंडों से भी हमला किया गया। मारपीट में रामदीन गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। मामले में मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवक की मौत की जानकारी मिलने के बाद परिजनों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने शव को संडीला-बांगरमऊ मार्ग पर रखकर जाम लगा दिया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और करीब आधे घंटे तक आवागमन प्रभावित रहा। जाम की सूचना पर संडीला, माधौगंज, अतरौली और कासिमपुर थाने की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। संडीला सीओ आईपीएस श्लोक गौतम ने भी मौके पर पहुंचकर परिजनों से बातचीत की और उन्हें समझाया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस मामले में नियमानुसार कार्रवाई कर रही है और आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के आश्वासन के बाद परिजन शांत हुए और जाम समाप्त कर दिया। इसके बाद शव को सड़क से हटाया गया। पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है।

# एनटीपीसी रिहंद में गणपति पूजन की धूम, तीन दिन चलेगा उत्सव



अमन लेखनी समाचार

बीजपुर (सोनभद्र) एनटीपीसी रिहंदनगर स्थित कर्मचारी कल्याण केंद्र (संगम) में गणेश चतुर्थी के अवसर पर सोमवार को भव्य गणेश पूजा का शुभारंभ हुआ। विधि-विधान से गणेश प्रतिमा की स्थापना के बाद आयोजित पूजन में एनटीपीसी के अधिकारी-कर्मचारी, महिला मंडल के सदस्य एवं स्थानीय श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता किया। परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक संजय असाटी तथा महिला मंडल की अध्यक्षा नीलू असाटी ने पूजा-अर्चना किया। यजमान के रूप में महाप्रबंधक (ओएंडएम) प्रणय कुमार नायक एवं उनकी पत्नी वर्तिका तथा महिला मंडल की उपाध्यक्षा रश्मि मोहंती शामिल रहीं। पंडित रामजी द्विवेदी के मंत्रोच्चार से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। आरती में महाप्रबंधक (मेंटिनेंस) हेमेश कुमार वार्ष्णेय, पूजा समिति अध्यक्ष एनएस कोरंगा, महासचिव विजेंद्र कुमार मीना, मानव संसाधन प्रमुख राजेश बोईपाई, योगेश त्रिपाठी सहित एनटीपीसी के अनेक अधिकारी कर्मचारी व श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश से सुख-शांति, समृद्धि एवं उन्नति की कामना किया। समिति के उपाध्यक्ष जीसी साहु ने बताया कि उत्सव तीन दिनों तक चलेगा।

# एनडीपीएस एक्ट के मुकदमे में वांछित फरार अभियुक्त के विरुद्ध धारा 84 BNSS के तहत उद्घोषणा की कार्रवाई

**थाना दुद्धी पुलिस द्वारा थाना पट्टी, प्रतापगढ़ पुलिस के सहयोग से अभियुक्त के गांव एवं आवास पर न्यायालयीय आदेश की प्रति चस्पा कर कराई गई उद्घोषणा।**



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में वांछित एवं फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर साहनी के कुशल निर्देशन में थाना दुद्धी पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध लगातार प्रभावी वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

थाना म्योरपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-77/2025, धारा 319(2), 318(4) बीएनएस एवं धारा 8/20/27ए/29/60 एनडीपीएस एक्ट में अभियुक्तगण 01. शक्ति कुमार गोस्वामी पुत्र नवीन कुमार गोस्वामी निवासी 6/440 एहर आवास विकास कॉलोनी योजना-3, झूंसी, थाना झूंसी, जनपद प्रयागराज, 02. प्रवीण कुमार पुत्र फुलचन्द यादव निवासी वार्ड नं0-52, नियर गुड लॉज, झूंसी, थाना झूंसी, जनपद प्रयागराज, 03. ऋतिक पाण्डेय पुत्र राज कुमार पाण्डेय निवासी सदहां, थाना पट्टी, जनपद प्रतापगढ़ एवं 04. जददु पात्रा उर्फ दुखित मलिक पुत्र भीमा मलिक निवासी सूनापांगा, थाना टिकावली, जनपद कन्धमाल, राज्य ओडिशा वांछित हैं।

उक्त प्रकरण की विवेचना के दौरान वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए गए, किंतु अभियुक्तगण गिरफ्तारी से बचते हुए फरार चल रहे हैं। अभियुक्तगण के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा गैर जमानतीय वारंट भी जारी किया गया, इसके बावजूद अभियुक्तगण माननीय न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुए।

पुलिस के अनुरोध पर माननीय विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट), जनपद सोनभद्र द्वारा दिनांक 18.08.2026 को अभियुक्तगण के विरुद्ध धारा 84 इठरर के तहत उद्घोषणा की कार्यवाही हेतु आदेशिका निर्गत की गई। उक्त आदेश के अनुपालन में आज दिनांक 14.09.2026 को थाना दुद्धी पुलिस द्वारा थाना पट्टी, जनपद प्रतापगढ़ पुलिस के सहयोग से वांछित अभियुक्त ऋतिक पाण्डेय पुत्र राज कुमार पाण्डेय निवासी सदहां, थाना पट्टी, जनपद प्रतापगढ़ के गांव सदहां स्थित आवास पर पहुंचकर माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत धारा 84 इठरर की उद्घोषणा/आदेश की प्रति विधिवत चस्पा की गई तथा गांव में नियमानुसार उद्घोषणा कर वैधानिक तामीला की कार्यवाही पूर्ण की गई। वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु अग्रेतर प्रयास जारी हैं तथा प्रकरण में नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।

खास समाचार

## निमगहना स्टैंड पर बाइक और स्कूल बस की जोरदार भिड़ंत, दो गंभीर

अमन लेखनी समाचार

गरौठा। तहसील गरौठा क्षेत्र के निमगहना बस स्टैंड पर मंगलवार को मोटरसाइकिल और स्कूल बस की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को निजी वाहन से तत्काल सीएचसी गरौठा पहुंचाया। घायलों की पहचान पसोरा निवासी फूल सिंह पुत्र दयाराम (करीब 60 वर्ष) और बांकेलाल पुत्र फूल सिंह (करीब 35 वर्ष) के रूप में हुई है। सीएचसी गरौठा में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## संगीतमय सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन



अमन लेखनी समाचार

गरौठा। मंगलवार को तहसील क्षेत्र के ग्राम कचीर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। सुंदरकांड के मधुर पाठ और भजनों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस मौके पर मौजूद श्रोता भक्ति रस में डूबे नजर आए। कार्यक्रम का आयोजन बलिनी मिल्क डेयरी संस्थान पर किया गया। कार्यक्रम में पंडित हरप्रकाश तिवारी ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कराया। इस दौरान हारमोनियम पर लालूप्रसाद तथा ढोलक पर रमेश ने मनमोहक संगत देकर सुंदरकांड पाठ में भक्ति के रंग भर दिए। आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर विनोद कुमार गौतम, दशरथ पांचाल, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, रतन यादव, रविंद्र यादव, हेमन्त यादव, गुलजारी जायसवाल, देवेंद्र परिहार, रामकुमार यादव, अनिकेत तिवारी, कामता यादव सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

## वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी में रायपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में वांछित अपराधियों/अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल तथा क्षेत्राधिकारी सदर सुधीर सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में थाना रायपुर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। थाना रायपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 138/2026, धारा 352, 351(2), 308(5), 318(4), 3(5) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अशोक पुत्र रामजी साव, निवासी ग्राम पड़री, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र को थाना रायपुर पुलिस टीम द्वारा ग्राम दरमा पहाड़ी मोड़ से आज दिनांक 13.09.2026 को समय करीब 21:30 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है।

# कमरे में फांसी पर लटका मिला विवाहिता का शव





**पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचकर की जांच, पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव**

अमन लेखनी समाचार/अभिषेक सिंह

हरदोई। बेहंदर के कासिमपुर थाना क्षेत्र के हुसैनपुर गांव में मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक विवाहिता का शव घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच-पड़ताल की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार हुसैनपुर गांव निवासी राम सागर की शादी करीब तीन वर्ष पहले घुघेरा गांव निवासी चंद्रपाल की 40 वर्षीय बेटी सविता के साथ हुई थी। मंगलवार सुबह सविता का शव घर के कमरे में फांसी पर लटका मिला। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक घनश्याम राम ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## शक्तिनगर पुलिस ने जिला बदर अभियुक्त को जनपद की सीमा से बाहर किया

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक थाना शक्तिनगर सतेन्द्र कुमार राय के कुशल नेतृत्व में थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा जिला बदर अभियुक्त के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), सोनभद्र द्वारा आदेश दिनांक 29.08.2026 के तहत अभियुक्त राजन भारती पुत्र देवीदयाल भारती, निवासी चंदूआर, थाना शक्तिनगर, सोनभद्र को उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत जिला बदर किया गया था। उक्त आदेश के अनुपालन में थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा अभियुक्त को जनपद सोनभद्र की सीमा से बाहर विंध्यनगर, जनपद सिंगरौली (मध्य प्रदेश) ले जाकर छोड़ा गया तथा जिला बदर आदेश की विधिवत तामील कराई गई।

# भारत के नवनिर्माण में मीडियाकर्मियों की भूमिका महत्वपूर्णः बीके सुमन

**–ईश्वरीय स्नेह मिलन कार्यक्रम में मीडिया बंधुओं को किया गया सम्मानित**

**–रॉबर्ट्सगंज के विकास नगर स्थित ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय भवन में हुआ आयोजन।**



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। सशक्त, समृद्ध और सुसंस्कृत भारत के नवनिर्माण में मीडियाकर्मियों की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। जैसे सीमा पर जवान, खेतों में किसान देश की सुरक्षा और संरक्षा करते हैं,वैसे ही सजग मीडियाकर्मी जनता की आवाज बनकर लोकतंत्र की आत्मा को सशक्त और मूल्यनिष्ठ बनाते हैं। ब्रेकिंग न्यूज और नकारात्मक समाचार संवेदनशीलता तो पैदा करते हैं,परन्तु सकारात्मक समाचार ही समाज के व्यापक फलक पर प्रभाव डालकर परिवर्तन की संवाहक बनती हैं। उक्त बातें बीके सुमन बहन ने रविवार की शाम ब्रह्माकुमारीज संस्था के स्थानीय सेवाकेन्द्र पर मीडिया बंधुओं के सम्मान में आयोजित ह्लईश्वरीय स्नेह मिलनह्व कार्यक्रम में बोलते हुए कही इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रिंट और इलेक्ट्रोनिक मीडिया संस्थानों से जुड़े पत्रकार, छायाकार एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पिता श्री ब्रह्मा बाबा एवं निराकार ज्योतिबिंदु स्वरूप परमपिता परमात्मा शिव बाबा की स्मृति से हुआ। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र की मुख्य संचालिका बी.के. सुमन दीदी ने सभी मीडिया बंधुओं का तिलक, अंगवस्त्रम और फूलो द्वारा स्वागत की। बी के कविता बहन ने शब्दों द्वारा आत्मीय स्वागत करते हुए कहा कि मीडिया समाज और लोकतंत्र की आवाज है। बी के दीपशिखा बहन ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र की मुख्य संचालिका बी के सुमन दीदी ने कहा कि आज के व्यस्त जीवन में मानवीय मूल्य और संवेदनाएं अस्त हो रही हैं। अंतहीन प्रतिस्पर्धा से जीवन में तनाव, चिंता और मानसिक दबाव बढ़ रहा है। ऐसे समय में राजयोग मेडिटेशन, सकारात्मक चिंतन, आत्म-जागरूकता और परमात्म-स्मृति को जीवन में अपनाकर मन को शांत एवं तनावमुक्त बनाया जा सकता है। जब मन सकारात्मक और शांत होगा, तो हमारी सोच, व्यवहार और कार्यशैली में भी सकारात्मक परिवर्तन आएगा। कार्यक्रम में मीडिया प्रतिनिधियों को तनावमुक्त जीवन, सकारात्मक सोच, राजयोग एवं आध्यात्मिक मूल्यों के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही समाज के प्रति मीडिया की जिम्मेवारी और सकारात्मक पत्रकारिता के महत्व पर भी विचार साझा किए गए। ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र की ओर से मंच का संचालन कर रहे डा०बी के हरीन्द्र भाई जी ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज विज्ञान मंगल पर जीवन ढूंढ रहा है,

# काल बनी सई नदी: तेज बहाव में डूबे मासूम भाई-बहन

**11 साल की इकरा और 10 वर्षीय दाऊद की तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी, लखनऊ से बुलाई गई गोताखोरों की टीम**



हरदोई। कासिमपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा कन्जौरा में मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। सई नदी के पुल के नीचे नहाने गए दो सगे भाई-बहन तेज बहाव की चपेट में आकर लापता हो गए। घटना के बाद पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे मखमूल के दो बच्चे इकरा (11) और दाऊद (10) सई नदी में नहाने गए थे। इसी दौरान दोनों नदी के तेज बहाव में बह गए और लापता हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने नदी में उतरकर बच्चों की तलाश शुरू की, लेकिन तेज बहाव और गहराई के चलते सफलता नहीं मिल सकी। सूचना मिलते ही कासिमपुर थाना प्रभारी घनश्याम राम पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। नदी के तेज करंट और गहराई को देखते हुए प्रशासन ने लखनऊ से विशेष गोताखोरों की टीम बुलाने की व्यवस्था की। पुलिस, ग्रामीणों और गोताखोरों की मदद से बच्चों की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। हादसे की खबर मिलते ही बच्चों के परिवार में कोहराम मच गया। मां की आंखें अपने दोनों मासूम बच्चों की तलाश में पथरा गई हैं। ग्रामीण भी नदी के किनारे डटे हुए हैं और बच्चों के सकुशल मिलने की उम्मीद लगाए हुए हैं।

# गुप्त केबिन में छिपाकर ले जा रहे थे 220 किलो गांजा, दो तस्कर गिरफ्तार

**ओडिशा से दिल्ली जा रही थी गांजे की खेप, रॉबर्ट्सगंज पुलिस और एसओजी की संयुक्त कार्रवाई में 1.20 करोड़ की बरामदगी**

अमन लेखनी समाचार

रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र। मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सोनभद्र पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ₹ऑपरेशन शुद्धि₹ के तहत रॉबर्ट्सगंज पुलिस और एसओजी टीम को बड़ी सफलता मिली है। संयुक्त टीम ने अंतरराज्यीय गांजा तस्करी गिरोह से जुड़े दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 220 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 1.10 करोड़ रुपये बताई गई है। तस्करी में प्रयुक्त छह पहिया एकउऌएफ ढफड 1075 वाहन समेत कुल बरामदगी की अनुमानित कीमत करीब 1.20 करोड़ रुपये है। पुलिस के अनुसार यह गांजा ओडिशा से सोनभद्र होते हुए दिल्ली ले जाया जा रहा था। तस्करों ने पुलिस से बचने के लिए मालवाहक वाहन में लोहे की चादरों से वेल्डिंग कर एक विशेष गुप्त केबिन तैयार कराया था। इसी गुप्त केबिन में सात बोरों में गांजे की खेप छिपाकर रखी गई थी।

### हिन्दुआरी तिराहे के पास मिली थी संदिग्ध वाहन की सूचना।

पुलिस के मुताबिक 13 सितंबर 2026 को थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस और एसओजी टीम द्वारा होटल डीआर ड्रीम, सनबीम स्कूल मोड़ तिराहा, ग्राम गेंगुआर के पास संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि हिन्दुआरी तिराहे से कुछ पहले पुल के पास छह पहिया एकउऌएफ वाहन खड़ा है, जिसमें दो संदिग्ध व्यक्ति मौजूद हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और वाहन की घेराबंदी कर दी। पुलिस टीम को देखकर वाहन में बैठे दोनों संदिग्धों ने कूदकर भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उन्हें करीब 20:40 बजे पुल की रेलिंग के पास सड़क किनारे पकड़ लिया। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों की पहचान बिरेस पुत्र होराम, निवासी ग्राम अद्दरमई, थाना ओसांवा, जनपद बदायूं, उम्र करीब 45 वर्ष तथा गोविन्द पुत्र सुरेन्द्र, निवासी ग्राम मियारी, पोस्ट अभिबाँव, थाना ओसांवा, जनपद बदायूं, उम्र करीब 25 वर्ष के रूप में हुई।

### वाहन में बनाया था विशेष गुप्त केबिन।

पुलिस टीम ने जब वाहन की तलाशी ली तो उसके मालवाहक हिस्से के अग्रिम भाग में लोहे की चादरों को वेल्डिंग कर बनाया गया विशेष गुप्त केबिन मिला। केबिन को देखकर पुलिस भी हैरान रह गई। तलाशी के दौरान इसके अंदर सात बोरों में 220 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। इसके अलावा पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल एकउऌएफ ढफड 1075 छह पहिया वाहन संख्या ऊछ 1छ6546, दो मोबाइल फोन और चार हजार रुपये नकद भी बरामद किए।

### दिल्ली के लोगों के लिए ओडिशा से लाए थे गांजे की खेप।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे दिल्ली के कुछ लोगों के संपर्क में रहकर उनके लिए गांजा लाने का काम करते हैं। उनके अनुसार गांजा खरीदने के लिए दिल्ली में रहने वाले लोगों द्वारा उन्हें धन उपलब्ध कराया गया था।

# पंचायत सहायकों ने मानदेय व सेवा संबंधी मांगों को लेकर उठाई आवाज




अमन लेखनी समाचार

बामौर। पंचायत सहायक कर्मचारी यूनियन उत्तर प्रदेश के आह्वान पर पंचायत सहायकों ने विभिन्न समस्याओं एवं लंबित मांगों को लेकर शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। इस संबंध में पंचायत सहायकों ने मंगलवार को सहायक खंड विकास अधिकारी बामौर बाबू सिंह को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में पंचायत सहायकों ने कहा कि उनके द्वारा लगातार अपने दायित्वों का निर्वहन किया जा रहा है, लेकिन लंबे समय से उनकी विभिन्न समस्याओं का अपेक्षित समाधान नहीं हो सका है। पंचायत सहायकों ने नियमित एवं लंबित मानदेय का भुगतान सुनिश्चित किए जाने, सेवा संबंधी समस्याओं का निराकरण करने तथा अतिरिक्त कार्य न कराए जाने की मांग उठाई। बताया गया कि अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पंचायत सहायकों का लखनऊ स्थित ईको गार्डन में धरना-प्रदर्शन 7 सितंबर 2026 से लगातार जारी है। यूनियन ने कहा कि जब तक पंचायत सहायकों की मांगों को स्वीकार कर शासन स्तर से आदेश जारी नहीं किया जाता, तब तक आंदोलनात्मक रुख जारी रहेगा। पंचायत सहायकों ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन कार्यों को लेकर स्पष्ट व्यवस्था लागू किए जाने तथा उनकी जिम्मेदारियों एवं सेवा शर्तों को स्पष्ट करने की भी मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शासन स्तर पर उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। ज्ञापन के दौरान अनिल कुमार, रोनित पटेल, आनंद यादव, सत्येंद्र यादव, अनुराग, दीपक सिंह, उदित पटेल, राघवेंद्र, रविंद्र कुमार, राहुल, हरिओम, अजय साहू सहित अन्य पंचायत सहायक मौजूद रहे।

# हिंडालको महान में गणेशोत्सव का शुभारंभ



**टाउनशिप मंदिर में विधि-विधान से स्थापित हुई गणेश प्रतिमा, अधिकारी-कर्मचारी एवं परिवारजन हुए शामिल**

अमन लेखनी समाचार

सिंगरौली। बरगवा हिंडालको महान टाउनशिप स्थित मंदिर प्रांगण में गणेशोत्सव का शुभारंभ श्रद्धा और भक्तिमय वातावरण में हुआ। भगवान गणेश की प्रतिमा विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ स्थापित की गई। पूजन-अर्चन में हिंडालको महान के अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिवारजन शामिल हुए। गणेश प्रतिमा स्थापना एवं पूजन में हिंडालको महान के इकाई प्रमुख लिनु पंचमन, पावर प्लांट हेड प्रांजल पाठक, मानव संसाधन प्रमुख डॉ. विवेकानंद मिश्रा, कार्मिक प्रमुख रंधीर वत्स, सीएसआर प्रमुख संजय सिंह सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर हिंडालको महान के निरंतर विकास, सुरक्षित एवं बाधारहित उत्पादन और संस्थान की उन्नति की कामना की। साथ ही सभी के सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की गई। पूजन के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर टाउनशिप में भक्तिमय वातावरण रहा।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com




# बॉक्स ऑफिस पर फिल्म 'मिर्जापुर द मूवी' का भौकाल

मुंबई। मिर्जापुर सीरीज पर बनी फिल्म मिर्जापुर द मूवी सिनेमाघरों में छाई हुई है। फिल्म लगातार सिनेमाघरों में ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। मूवी को रिलीज हुए 10 दिन बीत चुके हैं और इसने अपनी रिलीज के 10वें दिन भी शानदार परफॉर्म किया है। फिल्म का आंकड़ा 200 करोड़ के काफी करीब पहुंच गया है। रिपोर्ट के मुताबिक मिर्जापुर द मूवी ने रिलीज के 10वें दिन 13.25 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। फिल्म ने भारत में 10 दिनों में 184.70 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। भारत में इसका ग्रॉस कलेक्शन 220.04 करोड़ रुपए हो गया है और दुनिया भर में फिल्म की कमाई 266.04 करोड़ रुपए पहुंच गई है।

लाइफ Style

# नयनतारा

## दिखीं 'महाशक्ति' के अवतार में

एजेंसी ⏭ मुंबई

दक्षिण भारतीय सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री नयनतारा एक बार फिर देवी 'मूकुथी अम्मन' के किरदार में बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रही है। साल 2020 में इसी नाम की फिल्म में देवी का किरदार निभाकर दर्शकों का ध्यान खींचने वाली नयनतारा अब अपनी नई फिल्म 'महाशक्ति' में इसी किरदार को एक नए और भव्य अंदाज में पेश करती नजर आएंगी।

फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया गया है, जिसमें नयनतारा के किरदार की पहली झलक देखने को मिली है। टीजर में फिल्म की कहानी को लेकर ज्यादा खुलासा नहीं किया गया है। लेकिन रहस्य, भव्य सेट, शानदार विजुअल्स और बड़े स्तर पर तैयार किए गए कई सीन्स दर्शकों की उत्सुकता बढ़ाते हैं। 'महाशक्ति' में नयनतारा का किरदार पहले की तुलना में ज्यादा प्रभावशाली और दमदार नजर आ रहा है। टीजर से संकेत मिलता है कि फिल्म 'मूकुथी अम्मन' की दुनिया को आगे बढ़ाने के साथ कहानी का दायरा भी बड़ा किया गया है। साल 2020 में रिलीज हुई 'मूकुथी अम्मन' में नयनतारा ने देवी का किरदार निभाया था। फिल्म में धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक मुद्दों को भी कहानी का हिस्सा बनाया गया था। यही वजह है कि नई फिल्म में उनकी वापसी को लेकर फैंस के बीच खास उत्साह देखने को मिल रहा है। हालांकि, 'महाशक्ति' की कहानी क्या होगी और इसका पिछली फिल्म के किरदारों या कहानी से कितना सीधा संबंध होगा, इसे लेकर मेकर्स ने अभी ज्यादा जानकारी साझा नहीं की है। फिल्म में नयनतारा के अलावा रेजिना कैसांड्रा, योगी बाबू और ऊर्वशी समेत कई कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। 'महाशक्ति' का निर्देशन सुंदर सी. ने किया है।



हॉलीवुड मसाला



# एरियाना के पैर में लगी चोट

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी एक्ट्रेस और सिंगर एरियाना ग्रांडे ने बताया है कि वह लंदन में होने वाले अपने शो में हाई हील्स नहीं पहनेंगी। यह फैसला उन्होंने पैर में 'गहरा कट' लगने के बाद लिया है। 33 साल की एक्ट्रेस ने बताया कि उन्हें चोट लगी है, जिसकी वजह से उन्हें एक पैर पर वजन डालने में दिक्कत हो रही है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, मेरे प्यारे फैंस, मैं आपको बताना चाहती हू कि एक छोटी सी चोट से ठीक होने के लिए मैंने पैर में पट्टी बांध रखी है।




# सिडनी के विज्ञापन पर मचा बवाल

लॉस एंजेलिस। अमेरिकी एक्ट्रेस और 'द हाउसमेड' फेम सिडनी स्वीनी एक बार फिर से विवादों में घिर गई है। हाल ही उन्होंने एक स्पोर्ट्स ट्रेडिंग ऐप के लिए ऐड शूट किया है, जिसे देखकर दुनियाभर के लोग भौचक्के रह रह गए हैं। असल में विज्ञापन की तस्वीरों और वीडियो में 29 साल की एक्ट्रेस लगभग 'नग्न' हालत में हैं। उनके शरीर पर कपड़ों की बजाय अलग-अलग स्पोर्ट्स गियर जैसे- बॉल्स, रैकेट और बैट हैं, जिनसे उन्होंने अपने अंगों को ढका हुआ है। सोशल मीडिया पर सिडनी के इस नए विज्ञापन की खूब आलोचना हो रही है। दिलचस्प है कि बीते साल 2025 में भी वह एक ऐसे ही विज्ञापन के कारण विवादों में रही थीं। हाल ही 'यूफोरिया सीजन 3' में दर्शकों का दिल जीतने वाली सिडनी स्वीनी, पिछले साल 'अमेरिकन ईगल' डेनिम ब्रांड के विज्ञापन को लेकर खूब ट्रोल हुई थीं।



# टोरंटो में चला श्रेया की आवाज का जादू

मुंबई। प्लेबैक सिंगर श्रेया घोषाल ने हाल ही में कनाडा के टोरंटो में हुए अपने कॉन्सर्ट को लेकर फीलिंग्स शेयर की। उन्होंने बताया कि वहां दर्शकों का प्यार और जबरदस्त रिस्पॉन्स देखकर वह इतनी इमोशनल हो गईं कि कॉन्सर्ट के बाद उन्हें लगा कि शायद वह पूरी रात सो नहीं पाएंगी। श्रेया ने इंस्टाग्राम पर कॉन्सर्ट की कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए फैंस का दिल से शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, टोरंटो, यह शहर कुछ और ही था। यह एक ऐसी रात थी, जिसे मैं लंबे समय तक याद रखूंगी। इस शहर ने मुझे इतना इमोशनल कर दिया है कि इस जोश के बाद मुझे नहीं लगता कि आज रात मैं सो पाऊंगी। सिंगर ने आगे अपने फैंस को उनके जबरदस्त रिस्पॉन्स और कॉन्सर्ट में दिखाई गई एनर्जी के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने लिखा, इतनी बड़ी संख्या में आने और मेरे साथ गाने के लिए शुक्रिया।




# 'रामायण' का पहला गाना आउट...

मुंबई। रणबीर कपूर और साई पल्लवी स्टारर मचअवेटेड फिल्म 'रामायण' को लेकर फैंस का एक्साइटमेंट लगातार बढ़ता जा रहा है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म की पहली झलक के बाद अब मेकर्स ने दर्शकों को एक और बड़ा सरप्राइज दिया है। गणेश चतुर्थी के खास मौके पर फिल्म का पहला गाना 'जय जय राम' रिलीज कर दिया गया है। गाने में राम-सीता के अटूट प्रेम से लेकर दशरथ के पुत्र श्रीराम धर्म निभाने नजर आ रहे हैं। 'जय जय राम' की शुरुआत 'अच्युतम केशवम कृष्ण दामोदरम, राम नारायणम जानकी वल्लभम' से होती है। इसके बाद श्रेया घोषाल की मधुर आवाज सुनाई देती है। वहीं अरिजीत सिंह की आवाज गाने को और भी भावुक बना देती है। गाने के अंत में 'राम सिया राम' की गूंज सुनकर भक्ति का माहौल और गहरा हो जाता है।

टीवी मसाला

# आकांक्षा के बाद गौरव ने किया पत्नी को अनफॉलो

मुंबई। टीवी एक्टर और बिग बॉस 19 के विनर गौरव खन्ना इन दिनों चर्चा में बने हुए हैं। एक्टर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर खबरों में छाए हुए हैं। दरअसल, एक्टर की पत्नी और एक्ट्रेस आकांक्षा चमोला ने लॉक अप 2 में खुलासा किया था कि वो और गौरव तलाक ले रहे हैं। इस खुलासे ने सभी को हैरान कर दिया था। आकांक्षा ने गौरव को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो कर दिया था। इसके बाद अब गौरव खन्ना ने भी इसको लेकर एक बड़ा कदम उठाया है। गौरव खन्ना ने भी आकांक्षा को



इंस्टाग्राम पर अनफॉलो कर दिया है। हालांकि गौरव ने आकांक्षा के साथ अपनी तस्वीरें नहीं हटाई हैं। इससे पहले तक गौरव खन्ना आकांक्षा को इंस्टाग्राम पर फॉलो कर रहे थे, लेकिन एक्ट्रेस ने जैसे ही उनकी और अपनी तस्वीरें डिलीट की और उन्हें इंस्टाग्राम से अनफॉलो किया। तो उन्होंने भी ये कदम उठाया। वहीं,अपनी सोशल मीडिया एक्टिविटी को लेकर अभी तक आकांक्षा और गौरव में से किसी ने भी रिएक्ट नहीं किया है। बता दें कि गौरव और आकांक्षा के रिश्ते की सच्चाई लॉक अप 2 में सामने आई थी। इस शो के दौरान आकांक्षा ने बताया था कि वह और गौरव बीते एक साल से अलग रह रहे हैं और तलाक की प्रोसेस शुरू करने की प्लानिंग बना रहे हैं।



# 'हीरोइन' कहलाना मकसद नहीं

मुंबई। अभिनेत्री संदीपा धर हाल ही में नेटफ्लिक्स की ओरिजिनल सीरीज 'चुंबक' में नजर आईं। उन्होंने अपने करियर में कॉमेडी, थ्रिलर, ड्रामा और इमोशनल कहानियों में अलग-अलग तरह के भूमिका निभाने की कोशिश की। संदीपा का मानना है कि एक कलाकार की पहचान तभी मजबूत होती है, जब वह खुद को बार-बार अलग भूमिकाओं में आजमाने से न डरे। उन्होंने कहा कि उनके लिए सिर्फ 'हीरोइन' कहलाना कभी मकसद नहीं रहा। वह चाहती है कि लोग उन्हे एक ऐसी अभिनेत्री के तौर पर पहचानें, जो अलग-अलग तरह के किरदार निभाने की काबिलियत रखती है। संदीपा ने कहा, मेरा फोकस हमेशा एक एक्टर के तौर पर अपनी पहचान बनाने पर रहा है। मेरे लिए यह ज्यादा जरूरी है कि लोग मेरी एक्टिंग को नोटिस करें और मुझे अलग-अलग किरदार निभाने वाली अभिनेत्री के तौर पर याद रखें। 'हीरोइन' का टैग कोई मंजिल नहीं है, बल्कि एक कलाकार के लिए असली चुनौती अपने काम के जरिए पहचान बनाना है।

# सामने आई 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' की पहली झलक

मुंबई। बॉलीवुड के पॉपुलर कोरियोग्राफर और निर्देशक गणेश आचार्य जल्द ही अपनी फिल्म रिलीज करने वाले हैं। फिल्म का पहला पोस्टर उन्होंने रिलीज कर दिया है। फिल्म का नाम 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' है। फिल्म 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' से गणेश आचार्य निर्देशन की झलक दिखाने जा रहा। इस फिल्म की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से फैंस के साथ शेयर की। गणेश ने लिखा, 'गणेश चतुर्थी के मौके पर हम अपनी फिल्म 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' की पहली झलक दिखाने जा रहे है। गणपति बप्पा मोरया'। फिल्म 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' में का लेखन और निर्देशन गणेश आचार्य ने किया है। वहीं फिल्म का निर्माण वीटूएस प्रोडक्शंस के बैनर तले हुआ है। फिल्म की निर्माता सौंदर्या हैं। फिल्म 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' के संवाद दिगंगना सूर्यवंशी ने लिखे हैं।



# फुटबॉल क्रेज पर प्रियंका का मजेदार पोस्ट

मुंबई। ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा जोनस ने अपने पति निक जोनस के साथ घर पर बिताए पलों की एक मजेदार झलक फैंस के साथ शेयर की। उन्होंने बताया कि फुटबॉल की वापसी का मतलब है कि अगले चार महीनों तक उनके घर में रविवार का माहौल बिल्कुल अलग होगा। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक मजेदार पोस्ट शेयर करते हुए, प्रियंका ने फुटबॉल सीजन और उसके उनके घर पर छा जाने के बारे में बताया। उन्होंने लिखा, अगले 4 महीनों तक मेरे घर में हर रविवार का माहौल ऐसा ही होगा। फुटबॉल की वापसी से बहुत खुश हूँ। वहीं, निक जोनस ने इस पोस्ट पर हंसने वाला इमोजी बनाकर प्रतिक्रिया दी। प्रियंका अमेरिकन फुटबॉल और एनएफएल (नेशनल फुटबॉल लीग) की बात कर रही हैं। जानकारी के लिए बता दें कि 2026 एनएफएल रेगुलर सीजन सितंबर में शुरू हुआ और 10 जनवरी, 2027 तक चलेगा, जो 18 हफ्तों तक चलेगा। 'वाराणसी' के साथ प्रियंका 2019 में आई अपनी आखिरी हिंदी फिल्म 'द स्काई इज पिंक' के बाद भारतीय सिनेमा में वापसी कर रही हैं। राजामौली के निर्देशन में बन रही यह फिल्म 7 अप्रैल, 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# गणेश उत्सव पर सेलेब्स के घरों में गूंजा 'गणपति बप्पा मोरया

मुंबई। गणेश चतुर्थी पूरे देश में धूमधाम से मनाई जा रही है, इस बीच बॉलीवुड से लेकर टीवी सितारों ने भी बप्पा का धूमधाम से अपने घर में स्वागत किया, जहां हर साल सुनीता आहूजा गोविंदा के साथ बप्पा का अपने घर में वेलकम करती थीं, तो वहीं इस साल वो अकेले बप्पा को घर लाईं। वहीं पूरे परिवार के साथ धूम-धाम से शिल्पा शेट्टी ने बप्पा का स्वागत किया। पहली बार जुड़वां बच्चों की मां बनी संभावना सेठ और दिव्यांका त्रिपाठी ने भी बप्पा का जोरदार डांसकर वेलकम किया। इतना ही नहीं टीवी की बहू अंकिता लोखंडे भगवान शिव माता पार्वती संग गणेशजी को अपने घर लाईं।

## करीना के घर चतुर्थी की धूम

करीना कपूर ने अपने परिवार के गणेश चतुर्थी सेलिब्रेशन की झलक दिखाई। एक्ट्रेस ने अपने पति और एक्टर सैफ अली खान की तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वे घर पर मिट्टी से इको-फ्रेंडली भगवान गणपति की मूर्ति बना रहे। एक्ट्रेस ने बताया कि यह मूर्ति उनके छोटे बेटे जहांगीर अली खान, जिन्हें प्यार से 'जेह' कहा जाता है, ने बनाई थी। तस्वीर शेयर करते हुए करीना ने लिखा, "मेरे जेह बाबा ने बनाई है। सभी को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं और शांति की कामना!।

## दिव्यांका त्रिपाठी घर लाईं गणपति

टीवी की मशहूर एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी और संभावना सेठ भी गणेश चतुर्थी के मौके पर बप्पा को अपने घर लेकर आईं। उन्होंने पूरे भक्तिभाव के साथ गणपति का स्वागत किया। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में उनके घर का गणपति सेलिब्रेशन देखने को मिल रहा है।



## शिल्पा ने किया गणपति का वेलकम

शिल्पा शेट्टी के लिए गणेश चतुर्थी बेहद खास त्योहार है। एक्ट्रेस हर साल अपने घर बप्पा को लेकर आती हैं। इस साल भी शिल्पा ने पूरे परिवार के साथ गणपति का स्वागत किया। बप्पा को घर लाते समय उनके चेहरे पर खुशी साफ नजर आई। शिल्पा के गणपति उत्सव की तस्वीरें और वीडियो हर साल की तरह इस बार भी फैंस के बीच चर्चा में हैं।

## दिव्या दत्ता ने बनाया हलवे का भोग

सरवरी वाघ, दिव्या दत्ता और अर्जुन बिजलानी समेत कई सेलेब्स ने बप्पा का स्वागत किया और अपनी खुशी जाहिर की। अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने परिवार संग अपने घर पर गजानन का स्वागत किया। अभिनेत्री ने बताया कि उन्होंने बप्पा को मीठे का भोग चढ़ाने के लिए 'हलवा' बनाया है। उन्होंने कहा, पहले मेरी नानी बनाती भोग में हलवा बनाती थी, फिर मम्मी और अब मैं बनाती आ रही हू। उसके साथ आलू पूरी, मोदक और भी कई तरह की मिठाइयां होती हैं, जिनका भोग लगाया जाता है।

## अर्जुन बिजलानी ने किया सेलिब्रेट

अर्जुन बिजलानी ने भी अपने घर पर बप्पा का स्वागत किया। उन्होंने आईएएनएस के साथ बातचीत में अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह त्योहार उनके दिल के बेहद करीब रहा है। उन्होंने कहा, "बप्पा को घर लाने और परिवार के साथ मिलकर आरती करने का रिवाज मेरे दिल के बहुत करीब रहा है। सभी का एक साथ आना, अपनी बिजी जिंदगी से कुछ पल निकालकर साथ में प्रार्थना करना बहुत खास एहसास होता है। आज भी, मेरा शेड्यूल कितना भी हेक्टिक क्यों न हो, मैं पक्का करता हू कि मैं सेलिब्रेशन के लिए वहां रहूं।